

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,मंगलवार 19 अगस्त 2025 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष -41 ■ अंक-142 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 20 अगस्त 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## आयुक्त प्रणाली : सुरक्षा का नया पैमाना

दृष्टिकोण

संजय दुबे



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू करने का निर्णय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लिया है। यह कदम सिर्फ प्रशासनिक ढांचे का विस्तार नहीं, बल्कि शासन और सुरक्षा के नए अध्याय की शुरुआत माना जा सकता है। परंतु सवाल यह है कि क्या यह प्रयोग रायपुर की जटिल चुनौतियों का समाधान बन पाएगा? इसका आकलन तभी संभव है जब हम उन शहरों की ओर देखें, जहाँ यह व्यवस्था पहले से लागू है।

फिलहाल भारत में 17 राज्यों के 75 शहरों में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू है । देश की राजधानी दिल्ली और वित्तीय राजधानी मुंबई इस प्रणाली के सबसे पुराने उदाहरण हैं। यहाँ पुलिस आयुक्त को न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने का दायित्व है, बल्कि दंड प्रक्रिया संहिता की कई मजिस्ट्रियल शक्तियाँ भी प्राप्त हैं। इसका अर्थ है कि जुलूस, धरना-प्रदर्शन, धारा 144 जैसे निर्णय सीधे पुलिस स्तर पर लिए जा सकते हैं।

इससे प्रशासनिक फुर्ती ज़रूर बढ़ी, पर आलोचक यह भी कहते हैं कि इससे नागरिक स्वतंत्रताओं पर अंकुश का खतरा मंडराने लगता है। बावजूद इसके, अपराध नियंत्रण और त्वरित कार्रवाई में इन शहरों को लाभ हुआ है। मुंबई की आतंकवाद-रोधी संरचना इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है, जबकि दिल्ली में बड़े आयोजनों की सुरक्षा व्यवस्था कहीं अधिक व्यवस्थित नज़र आती है।

बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद ने आयुक्त प्रणाली का उपयोग नई शहरी चुनौतियों से निपटने में किया। आईटी सेक्टर के चलते साइबर अपराध इन शहरों की सबसे बड़ी समस्या रहे हैं। बेंगलुरु में अलग साइबर सेल और ट्रैफिक तकनीकी नियंत्रण केंद्र बनाकर व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया। चेन्नई में महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों की त्वरित सुनवाई इस व्यवस्था की सकारात्मक पहचान बनी। हालांकि हैदराबाद में मजिस्ट्रियल शक्तियों के केंद्रीकरण से पुलिस की जवाबदेही पर सवाल उठे।

पुणे और नागपुर जैसे शहरों ने भी यह प्रणाली अपनाई। पुणे में इससे सार्वजनिक आयोजनों की अनुमति प्रक्रिया सरल हुई और अपराध रिपोर्टिंग में तत्परता आई। लेकिन नागपुर में एक वर्ग पुलिस के कठोर रवैये और स्थानीय निकायों की घटती भूमिका पर असंतोष जताता है। मध्यप्रदेश के भोपाल और इंदौर में भी आयुक्त प्रणाली लागू की गई। वहाँ अपराध के आँकड़ों में बड़ा बदलाव तो नहीं दिखा, लेकिन कार्रवाई की गति तेज़ होने से जनता को त्वरित प्रतिक्रिया का अनुभव ज़रूर मिला। तेज़ी से बढ़ती आबादी, अव्यवस्थित ट्रैफिक, साइबर अपराध और सामाजिक तनाव रायपुर की नई चुनौतियाँ हैं। ऐसे में आयुक्त प्रणाली का प्रयोग तभी सफल होगा जब राज्य सरकार इसे केवल "घोषणा" तक सीमित न रखे, बल्कि पर्याप्त पुलिस बल, आधुनिक तकनीक, पारदर्शी शिकायत निवारण तंत्र और नागरिक अधिकारों की रक्षा को भी इसमें जोड़े। यदि ऐसा हुआ, तो यह प्रणाली शहर की कानून-व्यवस्था को नई दिशा दे सकती है। देश के बड़े शहरों का अनुभव यही बताता है कि आयुक्त प्रणाली कोई जादुई समाधान नहीं है। इसकी स्थायी सफलता इस पर निर्भर करती है कि इसे किस नीयत और किस संसाधन-संरचना के साथ लागू किया जाता है। रायपुर के लिए यह व्यवस्था केवल कानून-व्यवस्था का सुधार नहीं, बल्कि नागरिक विश्वास और शासन की जवाबदेही की भी परीक्षा होगी।

# मुख्यमंत्री का ऐलान, कर्मचारियों को 55% महंगाई भत्ता

### मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम फैसले

रायपुर,19 अगस्त। छत्तीसगढ़ के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खुशखबरी दी है। राज्य सरकार ने महंगाई भत्ता में दो प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की है। इस फैसले के बाद अब प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों को केंद्र सरकार के बराबर 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त होगा।सरकार के इस निर्णय से लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों को फायदा होगा। कर्मचारी संगठनों का मानना है कि इस फैसले से कर्मचारियों में उत्साह बढ़ेगा और राज्य में प्रशासनिक तंत्र और अधिक सुदृढ़ होगा। वहीं, महंगाई भत्ता बढ़ने से त्योहारी सीजन में बाजार में भी रौनक बढ़ेगी और उपभोग में इजाफा होगा। इसके पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में आज आयोजित कैबिनेट की बैठक में राज्य के विकास



और सामाजिक कल्याण से जुड़े दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी है।

**आदिवासी व माडा पॉकेट क्षेत्र के हितग्राही परिवारों को चना वितरण**–कैबिनेट ने तय किया कि राज्य के अनुसूचित क्षेत्र एवं माडा पॉकेट क्षेत्र में रहने वाले अंत्योदय और प्राथमिकता श्रेणी के परिवारों को हर माह मिलने वाला 2 किलो चना अब NeML ई-ऑक्शन प्लेटफार्म से खरीदा जाएगा। यह खरीदी न्यूनतम सर्विस चार्ज पर की जाएगी। इसके साथ ही जुलाई से नवंबर 2025 तक जिन हितग्राहियों को चना नहीं मिला है, उन्हें पात्रतानुसार दिसंबर 2025 तक इसका वितरण कर दिया जाएगा।

**नवा रायपुर में आईटी हब को बढ़ावा**–कैबिनेट की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नवा रायपुर में आईटी/आईटीईएस उद्योग की स्थापना के लिए 90 एकड़ भूमि रियायती दर पर आवंटित की जाएगी। सरकार का मानना है कि इस फैसले से आईटी सेक्टर में निवेश बढ़ेगा, रोजगार के नए अवसर बनेंगे और नवा रायपुर में तकनीकी व औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। इससे शहरीकरण और आधारभूत ढांचे को भी मजबूती मिलेगी, जिसका लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा।

## नवम्बर में छत्तीसगढ़ आएंगे पीएम मोदी !

### डॉ. रमन सिंह ने की मुलाकात, नए विधानसभा भवन के लोकार्पण का दिया न्योता



**नई दिल्ली,19 अगस्त।** सोमवार की शाम विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दिल्ली दौरे पर गए थे. जहां आज उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. जहां उन्होंने पीएम मोदी को छत्तीसगढ़ विधानसभा के नव निर्मित भवन के लोकार्पण के लिए आमंत्रित किया. ऐसे में अब नवम्बर में पीएम मोदी छत्तीसगढ़ आ सकते है. सोमवार की शाम विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दिल्ली दौरे पर गए थे. जहां आज उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. जहां उन्होंने पीएम मोदी को छत्तीसगढ़ विधानसभा के नव निर्मित भवन के लोकार्पण के लिए आमंत्रित किया. ऐसे में अब नवम्बर में पीएम मोदी छत्तीसगढ़ आ सकते है. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दिल्ली दौरे पर हैं. जहां उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी को छत्तीसगढ़ विधानसभा के नव निर्मित भवन के लोकार्पण के लिए आमंत्रित किया. इसे लेकर रमन सिंह सोशल मीडिया अकांउट एक्स पर पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी है. उन्होंने लिखा कि- आज दिल्ली प्रवास के दौरान संसद भवन में हमारे प्रधानमंत्री @narendramodi से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें छत्तीसगढ़ विधानसभा के नव निर्मित भवन लोकार्पण के लिए सादर आमंत्रित किया. प्रदेश के रजत जयंती वर्ष में हमारी विधानसभा अपने नए भवन में प्रवेश करेगी और इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी जी के कर-कमलों से विधानसभा का लोकार्पण हम सभी विधानसभा सदस्यों के लिए गौरव का दिवस बनेगा.

## साय कैबिनेट का विस्तार कल शामिल होंगे 3 नए चेहरे

### गजेन्द्र यादव, राजेश अग्रवाल और गुरु खुशवंत के मंत्री बनने की संभावना

**रायपुर,19 अगस्त।** विष्णुदेव साय कैबिनेट की बहुप्रतिक्षित विस्तार की घड़ी करीब आ गई है, पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए सीएम साय ने कहा कि इंतजार की घड़ियां अब खत्म हो रही हैं, मुख्यमंत्री के बयान से कयास लगाया जा रहा है कि बुधवार को मंडपम में तैयारियां शुरू हो गई हैं। इससे पहले सीएम विष्णुदेव साय ने शनिवार को राज्यपाल रामेन डेका से मुलाकात की थी। बताया जा रहा है कि तीनों मंत्रियों को कार देने के लिए स्टेट गैरेज में तैयार किया जा रहा है। शपथ ग्रहण समारोह कल दोपहर 11 बजे के आसपास हो सकता



नए मंत्री शपथ ले सकते हैं. हालांकि अभी तक ये साफ नहीं है कि नए मंत्री के रूप में कौन कौन शामिल होंगे. सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल और आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इस बीच शपथ ग्रहण समारोह के लिए राजभवन स्थित छत्तीसगढ़ है। बताया जा रहा है कि मंत्रिमंडल विसतार में सामाजिक और भौगोलिक संतुलन को प्राथमिक महत्व दिया जा रहा है । माना जा रहा है कि एक मंत्री सामान्य वर्ग से, दूसरा अनुसूचित जाति वर्ग से और तीसरा पिछड़ा वर्ग से लिया जा सकता है। इसी के साथ रायपुर, सरगुजा और दुर्ग से एक-एक मंत्री बनाए जाने की बात सामने आ रही है.

## गृह विभाग के तीन बड़े अफसरों के खिलाफ 50-50 हजार रुपए का जमानती वारंट जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने न्यायालय की अवमानना करने के आरोप में छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग में पदासीन तीन अफसरों के खिलाफ 50-50 हजार रुपए का जमानती वारंट जारी किया है। कोर्ट ने इन अफसरों को 4 सितंबर को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का भी आदेश दिया है। पूरा मामला 2013 से जुड़ा है। यह मामला 2013 से जुड़ा है। जेल विभाग के 17 फार्मासिस्ट ग्रेड-2 कर्मचारियों ने शिकायत की थी कि अन्य विभागों में कार्यरत समान पद के कर्मचारियों को उनसे अधिक वेतन मिल रहा है। इस मामले में याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने दस साल बाद 2023 में फैसला सुनाते हुए याचिकाकर्ताओं के पक्ष में आदेश दिया। इस फैसले को चुनौती देते हुए उत्तरवादियों ने 2024 में हाईकोर्ट में अपील की, लेकिन उच्च न्यायालय की युगल पीठ ने इसे विचारण-अयोग्य बताते हुए खारिज कर दिया। जब शासन ने 2023 के फैसले को लागू नहीं किया तो व्यथित होकर याचिकाकर्ताओं ने 2025 में दोबारा हाईकोर्ट में अंतरिम आवेदन सहित न्यायालय की अवमानना की याचिका दाखिल की। अधिवक्ता प्रवीण सोनी और उनके सहयोगी विजयिता साहू, शीतल सोनी आदि ने याचिकाकर्ताओं का पक्ष प्रस्तुत किया। इस मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का हवाला देते हुए अंतरिम आवेदन को खारिज कर दिया, लेकिन अवमानना के आरोप में तीन बड़े अफसरों के खिलाफ 50-50 हजार रुपए का जमानती वारंट जारी किया और उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति का आदेश दिया।

## मुंबई में लगातार बारिश से सड़कें डूबीं, घर-दुकानों में पानी




**मुंबई,19 अगस्त।** महाराष्ट्र के कई जिलों में मंगलवार को तेज बारिश जारी है। पिछले दो दिनों में बारिश से जुड़े हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई। कई जिलों में बाढ़ की स्थिति है। सैकड़ों लोग इससे प्रभावित हैं। अगले 48 घंटे मुंबई, ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के लिए बेहद अहम रहेंगे। इन जिलों में तेज बारिश का रेड अलर्ट है। मुंबई में आज सुबह 4 बजे से 11 बजे तक औसतन 150mm से अधिक बारिश हुई। कई इलाकों में पानी भरा है। मीठी नदी का जलस्तर 3.9 मीटर बढ़ने के कारण कुर्ला क्रांति नगर एरिया से 350 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया। शहर में आज भी स्कूल-कॉलेज, गवर्नमेंट और सेमी-गवर्नमेंट ऑफिस बंद हैं। बारिश के कारण 250 से ज्यादा फ्लाइट देरी से उड़ रही हैं। अंधेरी सब-वे भी पानी भरने के कारण आज भी बंद है। कई सारे अंडर ब्रिज में 2-4 फीट पानी भरा है। मुंबई में लोकल ट्रेन सर्विस भी बारिश से प्रभावित है। हार्बर लाइन का ट्रैक पानी में डूबा है। कुछ वीडियो सामने आए हैं, जिसमें लोग रेलवे ट्रैक पर चलते नजर आ रहे हैं। नांदेड़ जिले में सोमवार रात मुझखेड-उदगीर रोड पर ऑटो-कार बाढ़ में बह गए। 3 लोगों को बचाए गए, लेकिन 4 लोग लापता हैं। यहां बाढ़ग्रस्त गांवों से अब तक 290 से ज्यादा लोगों को SDRF-सेना की मदद से रेस्क्यू किया गया।गढ़चिरोली में 50 से ज्यादा गांवों का संपर्क कटा है।

## जुआ खेलते 9 रईसजादे गिरफ्तार

**बिलासपुर,19 अगस्त।** पुलिस ने बिलासपुर के रसूखदार जुआरियों के जुए के बड़े फड़ में छापेमारी की, और बिलासपुर महापौर पूजा विधानी के जेठ, भाजपा नेता के करीबी, पीडब्ल्यूडी ठेकेदार और होटल कारोबारी समेत 9 रसूखदार जुआरियों को कैश और क्वाइन के साथ गिरफ्तार किया. ये जुआरी लाखों रुपए का दांव लगा रहे थे. मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है. दरअसल, एसएसपी रजनेश सिंह को सूचना मिली, कि सरकंडा थाना क्षेत्र के कोनी रोड स्थित महावीर अग्रवाल के बाड़ा में भाजपा नेता के करीबी और कारोबारी जुआ खेल रहे हैं.

जहां कैश और क्वाइन पर हार-जीत का दांव लगाया जा रहा है. एसएसपी के निर्देश पर टीआई नीलेश पांडेय समेत पुलिस टीम ने रेड कार्रवाई की. कार्रवाई के दौरान जुआरियों को भागने का मौका न मिले, इसलिए पुलिस ने पहले चारों तरफ घेराबंदी की. जिसके बाद बाड़ा में दबिश दी. टीम अंदर पहुंची तब कैश और क्वाइन लेकर बैठे जुआरी बड़े दांव लगा रहे थे. पुलिस ने उनके पास से 41 हजार 500 रुपए, एक पेटी क्वाइन, ताश पत्ती और 11 मोबाइल बरामद किया. कार्रवाई के बाद रसूखदार जुआरियों ने अपने-अपने करीबी नेता और अफसरों को फोन लगाना शुरू किया. इस दौरान आरोपियों को छुड़ाने की कोशिश भी की गई. लेकिन, एसएसपी रजनेश सिंह ने किसी की नहीं सुनी.

## केलो डैम में डूबने से सब-इंजीनियर के बेटे की मौत

**रायगढ़,19 अगस्त।** रायगढ़ के केलो डैम में डूबने से सब इंजीनियर के बेटे की मौत हो गई। सुशांत प्रधान (24) की लाश बरामद कर ली गई है। सुशांत अपने दोस्तों अविनाश सारथी और पुलेंद्र सिंह के साथ कार से केलो डैम घूमने गया था। पुलेंद्र और अविनाश कार में ही बैठे थे और सुशांत डैम के पानी में उतर गया। काफी देर तक वापस नहीं आने पर दोस्तों ने उसकी खोजबीन की लेकिन सुशांत का कहीं पता नहीं चला। सोमवार को पुलिस ने लाश बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। बताया जा रहा है



ज्यादा पानी होने के कारण सुशांत बाहर नहीं आ पाया। वहीं सुकमा जिला मुख्यालय का ओडिशा से संपर्क टूट गया है। लगातार बारिश से शबरी नदी उफान पर है। झापरा पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। मार्ग बाधित होने से वाहनों के पहिए थम गए हैं। वहीं आज के मौसम की बात करें तो छत्तीसगढ़ में अगले 18 घंटे के लिए रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बलौदा-बाजार, महासमुंद, सुकमा और बीजापुर इन 6 जिलों में भारी बारिश, बादल गरजने, बिजली गिरने और आंधी चलने का यलो अलर्ट है।



राज्यपाल रमेन डेका ने किए महाप्रभु श्री जगन्नाथ भगवान के दर्शन

**रायपुर, 19 अगस्त** .राज्यपाल श्री रमेन डेका ने रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर भगवान जगन्नाथ का दर्शन एवं पूजन किया और देश एवं प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना कीं। इस अवसर पर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा उपस्थित थे।

## बेरोजगार पति को ताने मारना मानसिक क्रूरता: हाईकोर्ट

**बिलासपुर,19 अगस्त।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस एके प्रसाद की डिवीजन बेंच ने तलाक केस में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। उन्होंने कहा कि, बेरोजगार पति को ताना मारना मानसिक क्रूरता की श्रेणी में आता है। हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के आदेश को निरस्त करते हुए पति की तलाक की अर्जी मंजूर कर ली है। दरअसल, भिलाई निवासी अनिल कुमार सोनमणि उर्फ अनिल स्वामी पेशे से वकील है। उनकी शादी 26 दिसंबर 1996 को हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। शादी के बाद सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन समय के साथ पति-पत्नी के बीच विवाद बढ़ने लगा। इस दौरान उनके दो बच्चे भी हो गए। अब उनकी बेटी 19 साल और बेटा 16 साल का है। इसी दौरान पति ने अपनी पत्नी को पीएचडी कराया। जिसके बाद वो प्रिंसिपल की नौकरी जॉइन की। वकील पति का आरोप है कि, प्रिंसिपल बनने के बाद पत्नी का व्यवहार बदल गया। वो अक्सर छोटी-छोटी बातों पर विवाद करने लगी। हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के आदेश को निरस्त करते हुए पति की तलाक की अर्जी मंजूर कर ली है। कोरोना काल में जब कोर्ट बंद हो गए थे। तब पति की वकालत से आय भी बंद हो गई।

## भारत को फर्टिलाइजर और रेयर-अर्थ मेटल देगा चीन

**नई दिल्ली,19 अगस्त।** चीन भारत को खाद, रेयर अर्थ मटेरियल और टनल बोरिंग मशीन की सप्लाई करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक चीन के विदेश मंत्री मंत्री वांग यी ने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को आश्वासन दिया कि इन जरूरतों को पूरा किया जाएगा। वांग यी 18 अगस्त को दो दिन के दौरे पर भारत पहुंचे। उन्होंने सोमवार को जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बातचीत की थी। इस दौरान दोनों देशों ने आपसी रिश्तों को आगे बढ़ाने और सहयोग बनाए रखने पर सहमति जताई। दुनिया में हालात तेजी से बदल रहे हैं। फ्री ट्रेड और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत और चीन, जो सबसे बड़े विकासशील देश हैं और जिनकी आबादी मिलकर 2.8 अरब से ज्यादा है, उन्हें जिम्मेदारी दिखाते हुए एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए। वांग ने भरोसा जताया कि चीन भारत समेत पड़ोसी देशों के साथ मिलकर शांति, सुरक्षा और समृद्धि वाला माहौल बनाने के लिए तैयार है। वांग ने भरोसा जताया कि चीन भारत समेत पड़ोसी देशों के साथ मिलकर शांति, सुरक्षा और समृद्धि वाला माहौल बनाने के लिए तैयार है। वांग यी ने 19 अगस्त को भारत के NSA अजित डोभाल के साथ सीमा मुद्दे पर बात की। वांग यी ने कहा कि पिछले कुछ सालों में जो समस्याएं आई हैं, वे दोनों देशों के लोगों के हित में नहीं थीं। उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई मुलाकात का जिक्र भी किया। चीनी विदेश मंत्री ने इसे मुलाकात को द्विपक्षीय रिश्तों की दिशा तय करने वाली और सीमा विवाद को सुलझाने में नया जोश देने वाली बताया। यह बैठक भारत-चीन के बीच चल रहे 24वें स्पेशल रिप्रेजेंटेटिव (SR) लेवल टॉक्स का हिस्सा थी। डोभाल ने आगे कहा कि पिछले कुछ समय में रिश्तों में सुधार हुआ है, सीमा पर शांति और स्थिरता बनी हुई है, हमारे द्विपक्षीय संबंध ज्यादा ठोस हुए हैं। गौरतलब है कि भारत-चीन संबंध 2020 में पूर्वी लद्दाख की तनातनी के बाद बिगड़े थे।

समस्त क्षेत्रवासियों एवं ग्रामवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

वनमंडलाधिकारी
सुकमा
जिला -सुकमा (छ.ग.)

---

समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सहायक कार्यपालन अधिकारी
एस.डी.ओ.

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस अमर रहे

उद्यान विभाग- सुकमा

सौजन्य: उद्यान विभाग, सुकमा जिला- सुकमा (छ.ग.)

---

समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

कार्यपालन अभियंता
प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना

जिला- सुकमा (छ.ग.)

---

समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

कार्यपालन अभियंता,सहायक कार्यपालन अभियंता एवं इंजीनियर

समस्त ठेकेदार
लोक निर्माण विभाग
सुकमा
जिला- सुकमा (छ.ग.)

---

समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

कार्यपालन अभियंता एवं सहायक कार्यपालन अभियंता

जल संसाधन विभाग
सुकमा
जिला- सुकमा (छ.ग.)

सौजन्य: जल संसाधन विभाग, सुकमा जिला- सुकमा (छ.ग.)

---

समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

कार्यपालन अभियंता ,सहायक कार्यपालन अभियंता एवं इंजीनियर

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
सुकमा
जिला- सुकमा (छ.ग.)

सौजन्य: कार्यपालन अधिकारी-सुकमा

---

समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
सुकमा

जिला अस्पताल-सुकमा

## संपादकीय

### विपक्ष भरोसे के लायक नहीं

विपक्ष पर भरोसा तब किया जाता है जब वह कुछ करने को सोचता है और करके भी दिखाता है, ऐसे विपक्ष पर आम लोग भरोसा नहीं करते हैं जो कहता तो बहुत कुछ है लेकिन कर कुछ नहीं पाता है, अब विपक्ष कह रहा है कि वह चुनाव आयोग के खिलाफ महाभियोग लाने की सोच रहा है,तैयारी कर रहा है। उसे भी यह सच मालूम है कि मौजूदा संसद सत्र के तीन दिन ही बचे हैं और महाभियोग प्रस्ताव के लिए उसे नियमानुसार 14 दिन पहले नोटिस देना जरूरी है। इस हिसाब से तो विपक्ष इस सत्र में प्रस्ताव भी नहीं ला सकता। ऐसे में उसे इस सत्र में यह कहने या बताने की जरूरत नहीं थी कि वह चुनाव आयोग के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने विचार कर रहा है, जो काम वह इस सत्र में कर नहीं सकता, वह करने का दिखावा कर रहा है। उसे भी यह सच मालूम है कि वह महाभियोग ले भी आएगा तो वह उसे स्वीकृति को दोनों सदनों में मिलने से रही। स्वीकृति मिल भी गई तो विपक्ष के पास दो तिहाई सदस्य नहीं है, इसलिए आम जनता विपक्ष जब कुछ कहता है और सच नहीं होता है तो वह उस पर भरोसा नहीं करती है और जनता के भरोसा नहीं करने का मतलब होता है राजनीतिक रूप से नुकसान लोकसभा चुनाव में विपक्ष के मुंह झूठ का खून लग गया है इसलिए उसे वहम हो गया है कि वह झूठ का प्रचार कर चुनाव जीत सकता है, जनता ने हरियाणा,महाराष्ट्र, दिल्ली के चुनाव में विपक्ष को हराकर उसके वहम तो तोड़ा है कि जनता झूठ पर यकीन नहीं करती है विपक्ष की भाषा भी तो भरोसे लायक नहीं है, विपक्ष कहता है कि वोट चोरी होती है, जनता इसे मानती नहीं है क्योंकि उसका अनुभव तो यही है कि वह जिसे वोट देती है, उसे वोट मिलता है। इस बात की पुष्टि ईवीएम में ही हो जाती है। विपक्ष जोर शोर से प्रचार जरूर कर रहा है कि देश में चुनाव होते हैं, वह जिस चुनाव में हार जाता है, उसी में वोट चोरी होती है लेकिन वह कोई सबूत या उदाहरण पेश नहीं कर सका है, वह त्रुटियां गिनाता है तो चुनाव आयोग तो मान रहा है कि मतदाता सूची में त्रुटियां हो सकती है, इसे दूर करने विपक्ष को सहयोग करना चाहिए, विपक्ष कोई सहयोग नहीं कर रहा है।

## राशिफल

**मेष:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको परिवार से भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। खासकर कि आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। आज आप किसी नए बिजनेस को शुरू करने के बारे में विचार कर सकते हैं। आज किसी भी कार्य में सफलता आपके हाथ जरूर लगेगी। आज तरक्की के किसी भी अवसर को अपने हाथ से ना जाने दें, कोई भी छोटा चांस आपको मालामाल बना सकता है। आज कम मेहनत में ज्यादा फल पाने वाला दिन हैं।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आप जो भी काम शुरु करेंगे उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी। आज आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने के योग बन रहें, आज बॉस आपके किसी काम से खुश होंगे। जिनकी जॉब अभी नई-नई शुरू हुई है, उनको ऑफिस में साथियों का सहयोग मिलेगा। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे छात्रों को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है, जिससे आपको जल्द ही मेहनत का अच्छा फल मिलेगा।

**मिथुन:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में बढ़िया लाभ होगा और आपके व्यावसायिक रिश्ते मजबूत बनेंगे। आज आपको शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन अगर आप विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिये जाना चाहते हैं, तो आपको थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। आज किसी भी काम को शुरू करने से पहले आपको बुजुर्गों का आशीर्वाद जरूर लेना चाहिये।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आप किसी नई योजना के ऊपर काम शुरू कर सकते हैं, जिसका आपको भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा। आज प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को दोगुनी मेहनत करने की जरूरत है। एक निर्धारित टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करें, इससे आपकी सफलता के चांस बढ़ेंगे।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए खुशी भरा रहेगा। आज आप ऐसी चीज़ हासिल कर पाएंगे, जिसकी आपको बहुत कम उम्मीद थी। आज आपके मन में नए-नए क्रिएटिव आइडिया आएंगे, जिनका आप बखूबी इस्तेमाल भी करेंगे। आज ऑफिस में हर कोई आपके काम से खुश रहेगा और आपके जूनियर भी आपसे काम सीखने आयेंगे। किसी महिला मित्र से आज आपकी मुलाकात हो सकती है।

**कन्या:** आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज किसी बड़े काम को शुरू करने से पहले किसी वरिष्ठ व्यक्ति से सलाह करना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपको होलसेल के बिजनेस में बड़ा धन लाभ होगा। आज आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरूरत है, बदलते मौसम का आपको ध्यान रखना होगा। आज ऑफिस के काम में आपको किसी का सहयोग मिल सकता है, जिससे काम समय पर पूरा हो जायेगा।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए रोज की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज आप पुराने कार्यों को पूरा करके नए कार्यों में भी रुचि दिखाएंगे। आज आप बिजनेस में लेन-देन का ख्याल रखें, कोई भी बड़ी डील साइन करने से पहले सब कुछ अच्छे से जांच परख कर लें। इस राशि की महिलाएं गृह उद्योग शुरु कर सकती हैं, आपको परिवार से पूरा सहयोग मिलेगा। आज आपकी माता जी का स्वास्थ्य एकदम ठीक रहेगा, जिससे आपको खुशी मिलेगी।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप अपनी भावनाओं को कंट्रोल में रखें और किसी से भी ऐसी बात न बोले जिससे उसका दिल दुखे। आज अचानक आपके घर पर किसी रिश्तेदार का आगमन हो सकता है, जिससे घर में चहल ङ्क पहल बनी रहेगी। अगर आप घर शिफ्टिंग का मन बना रहें तो आज आप कर सकते हैं। आज आप किसी विषय पर अपने दोस्तों से खुलकर बात करें, जिससे आपको समस्या का समाधान मिल सके।

**धनु:** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। लंबे समय से फंसा हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है। आज स्वास्थ्य सेवाएं दे रहें व्यक्तियों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आपको मनचाही जगह पर ट्रांसफर का ऑफर मिल सकता है। आईआईटी या किसी भी टेक्निकल परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को आज गुरुजनों का विशेष सहयोग मिलेगा।

**मकर:** आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं। आज आपको काम पूरा करने के लिये थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी, अंततः आपको अच्छे परिणाम हासिल होंगे। आज आप जीवनसाथी के साथ मिलकर अपना खुद का होटल या रेस्टोरेंट ओपन कर सकते हैं । यदि आप अपने बिजनेस को शिफ्ट करना चाहते हैं या कोई दूसरी ब्रांच खोलना चाहते हैं, तो आज इसकी प्लॉनिंग कर सकते हैं।

**कुंभ:** आज आपका दिन पहले से ज्यादा लाभ दिलवाने वाला रहेगा। लंबे समय से चल रही कोई योजना आज पूरी हो जायेगी, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज आप नया काम शुरू करने के बारे में भी सोच सकते हैं, दिन आपके लिये लाभकारी होगा। आज वाहन का प्रयोग करते समय आपको जरूरी कागजात अपने साथ रखने चाहिए, आपको जरूरत पड़ सकती है। इस राशि के व्यक्ति कला या संगीत के क्षेत्र से जुड़े हैं, आपके लिये आज का दिन उत्तम रहेगा।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप अपने विवेक का इस्तेमाल करके सब कुछ हासिल कर सकते हैं , आज आपके करीबी आपकी प्रशंसा करेंगे। आज आप बेवजह की बातों से दूर रहें और अपने समय का सही सदुपयोग करें। आज लवमेट के लिए दिन अच्छा रहेगा, आप डिनर पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज किसी प्रतियोगी परीक्षा में बैठेंगे, जिसका परिणाम आपके पक्ष में होगा।

स्वास्थ्य

# राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन

✍ जगत प्रकाश नड्डा



भारत के आदिवासी समुदाय, जो कि कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत हैं, राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत के मूल तत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं। फिर भी, इन समुदायों के कई व्यक्ति जानकारी के अभाव में सिकल सेल नामक अनुवांशिक बीमारी से जूझ रहे हैं। दशकों से इस बीमारी ने उनके स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक विकास पर भी गहरा असर डाला है, और यह बीमारी भौगोलिक अलगाव एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुँच के कारण और भी जटिल हो गई है। इस गंभीर आवश्यकता को पहचानते हुए, भारत सरकार ने प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में जुलाई 2023 में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन की शुरुआत की। इस मौलिक पहल का उद्देश्य न केवल सिकल सेल के आनुवांशिक संचरण का उन्मूलन करना है, बल्कि इस रोग से प्रभावित लाखों लोगों के सम्मान और स्वास्थ्य को भी बहाल करना है।

सिकल सेल रोग में लाल रक्त कोशिकाओं का आकार बदल जाता है, जिससे उनकी ऑक्सीजन वहन करने की क्षमता कम हो जाती है और धीरे-धीरे गंभीर स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं उत्पन्न होने लगती हैं। आदिवासी जनसंख्या के बीच इसका प्रभाव विशेष रूप से गहरा है, क्योंकि वे इस आनुवंशिक बीमारी से असमान रूप से प्रभावित होते हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज एस्टिमेट्स (2021) रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति वर्ष अनुमानित 82,500 बच्चों का जन्म सिकल सेल रोग के साथ होता है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 ने इस संकट से निपटने के लिए आधार तैयार किया और इसकी विशिष्ट स्वास्थ्य आवश्यकताओं पर ज़ोर इसी के आधार पर, केंद्रीय बजट 2023 में एनएससीएईएम की घोषणा की गई, जिसमें वित्त वर्ष 2025-2026 तक 40 वर्ष से कम आयु के 7 करोड़ व्यक्तियों की मिशन मोड में जाँच करने का लक्ष्य रखा गया। कार्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत क्रियान्वित किया गया, जिससे यह विश्व स्तर पर सबसे बड़े जनसंख्या-आधारित आनुवंशिक जाँच कार्यक्रमों में से एक बन गया है। इस मिशन का उद्देश्य 2047 तक एससीडी के आनुवंशिक संचरण को समाप्त करना और पहले से ही इससे पीड़ित लोगों को व्यापक देखभाल प्रदान करना भी है।

पहले दो वर्षों में, स्वास्थ्य मंत्रालय और राज्यों के संयुक्त प्रयासों से इस मिशन के अंतर्गत उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त हुए हैं। 31 जुलाई 2025 तक, 17 उच्च-व्यापकता वाले राज्यों के 300 से अधिक जिलों में 6.07 करोड़ से अधिक व्यक्तियों की जांच की जा चुकी है। जांच किए गए व्यक्तियों में से 2.16 लाख रोगग्रस्त पाए गए, जबकि 16.92 लाख को वाहक के रूप में पहचाना गया। विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि 95त्न मामले केवल पाँच राज्यों—ओडिशा, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र—में केंद्रित हैं।

छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर के नवापारा की एक युवा आदिवासी लड़की मीना की कहानी इस मिशन के सकारात्मक प्रभाव का प्रतीक है। जांच अभियान के दौरान नैदानिक परीक्षण किए जाने पर, मीना को निकट के एक उप-स्वास्थ्य केंद्र में नामांकित किया गया। प्रशिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), एएनएम और आशा कार्यकर्ता ने यह सुनिश्चित किया कि उसे निःशुल्क हाइड्रोक्सीयूरिया औषधि समय पर मिलती रहे, जिससे सिकल सेल रोग के लक्षणों में उल्लेखनीय कमी आई। आज, मीना पहले से कहीं अधिक स्वस्थ है और अपने समुदाय में आनुवंशिक रोगों के परामर्श में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है।

स्क्रीनिंग प्रयासों में तेज़ी लाने के लिए, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा अनुमोदित पॉइंट-ऑफ-केयर डायग्नोस्टिक उपकरणों को लगाया गया है। शुरुआत में इनकी संख्या केवल तीन तक सीमित थी, जो अब बढ़कर 30 से अधिक हो गई है। इससे प्रति किट लागत ?100 से घटकर ?28 हो गई है। इस पहल ने एससीडी के लिए लागत-प्रभावी और कुशल डायग्नोस्टिक क्षमताएँ सुनिश्चित की हैं।

इस मिशन का कार्यान्वयन केवल स्क्रीनिंग पर केंद्रित नहीं है; यह एससीडी से पीड़ित व्यक्तियों की समग्र देखभाल को भी प्राथमिकता देता है। मिशन के अंतर्गत प्रबंधन हस्तक्षेपों में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ, आवश्यक दवाओं और निदान तक पहुँच शामिल है। सिकल सेल रोग के प्रबंधन के लिए एक प्रमुख दवा, हाइड्रॉक्सीयूरिया, को राष्ट्रीय आवश्यक औषधि सूची (ईडीएल) में शामिल किया गया है और अब यह आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप-स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध है, जिससे अंतिम व्यक्ति तक इसकी पहुँच सुनिश्चित होती है।

यह मिशन सिकल सेल रोग के उन्मूलन की प्रमुख रणनीतियों के रूप में आनुवंशिक परामर्श और जन जागरूकता पर भी ज़ोर देता है। अब तक 2.62 करोड़ से अधिक आनुवंशिक स्टेटस कार्ड वितरित किए जा चुके हैं, जिससे लोगों को उपयोगी स्वास्थ्य जानकारी प्राप्त हुई है। ये कार्ड परामर्श और उचित निर्णय लेने का एक प्रभावी माध्यम बन गए हैं, जो परिवारों को ऐसे विकल्प चुनने में मदद करते हैं जिनसे आनुवंशिक संचरण का जोखिम कम हो सकता है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों और जनजातीय कार्य मंत्रालय से प्राप्त वित्तीय सहायता के आधार पर, पंद्रह स्वास्थ्य परिचर्या संस्थानों/मेडिकल कॉलेजों को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए चुना गया है। ये संस्थान प्रसवपूर्व निदान और गंभीर सिकल सेल रोग जटिलताओं के प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिससे जोखिम वाले परिवारों को विशेष परिचर्या सुनिश्चित की जाती है। इसके अतिरिक्त, अक्टूबर 2024 में आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों को सिकल सेल रोग प्रबंधन की जटिलताओं का प्रभावी ढंग से समाधान करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान किए गए हैं।

मिशन की सफलता संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण पर आधारित है, जिसके तहत स्वास्थ्य मंत्रालय, जनजातीय कार्य मंत्रालय, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को भी शामिल किया गया है। यह अंतर-मंत्रालयी समन्वय जनजातीय स्वास्थ्य के सामाजिक-सांस्कृतिक और भौगोलिक आयामों का समाधान करते हुए समग्र कार्यान्वयन सुनिश्चित करता है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग द्वारा समर्थित अनुसंधान-आधारित गतिविधियों ने इस मिशन की लागत-प्रभावशीलता और रोगी परिणामों में उल्लेखनीय सुधार किया है।

हालांकि इस मिशन की अब तक की उपलब्धियाँ बेहद सराहनीय हैं, स्वास्थ्य मंत्रालय अब मिशन की दीर्घकालिक प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है। अब मिशन का तात्कालिक ध्यान आनुवंशिक परामर्श, जन जागरूकता अभियानों और आनुवंशिक स्टेटस कार्डों के वितरण के विस्तार पर होगा। सामुदायिक स्तर के मंचों का प्रभावी उपयोग यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण होगा कि प्रत्येक वाहक और रोगग्रस्त व्यक्ति को आवश्यक परिचर्या और सहायता प्राप्त हो। उन्नत अनुसंधान प्रयास मिशन की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

इस मिशन की असली भावना इसके आदर्श हमारे संघर्षकर्ताओं को साथ, हमारे उत्तरजीवियों को संबल, और हमारे योद्धाओं को समर्थन में निहित है। राजनीतिक इच्छाशक्ति, वैज्ञानिक नवाचार और जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन के संयोजन से भारत सिकल सेल एनीमिया को समाप्तस करने और लाखों लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए तत्पंर है।

जैसे-जैसे भारत वर्ष 2047 तक सिकल सेल रोग उन्मूलन के अपने लक्ष्य की ओर आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है, सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन इसमें आशा की किरण बनकर उभरा है। यह इस बात का द्योतक है कि जब सरकार, स्वास्थ्य सेवा पेशेवर और समुदाय समान हित के लिए एकजुट होते हैं, तो क्या कुछ प्राप्त नहीं किया जा सकता है। हम सब मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी व्यक्ति को इस रोग के कारण होने वाले दर्द और पीड़ा को न सहना पड़े।

सिकल सेल एनीमिया के विरुद्ध भारत की लड़ाई सिर्फ़ एक आनुवंशिक रोग से लड़ने तक सीमित नहीं है—यह हाशिए पर रहने वाले हमारे देश के समूहों के लिए समानता, सम्मान और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता है। मीना जैसी महिलाओं के अनुभवी मार्गदर्शन में, यह मिशन लक्षित स्वास्थ्य सेवा पहलों की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रमाण है, जो जनजातीय स्वास्थ्य चुनौतियों के समाधान में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

आइए, इस अभूतपूर्व प्रयास का जश्न मनाएं और एक स्वस्थ, अधिक समावेशी भारत के निर्माण के अपने संकल्प को दोहराएं।

*लेखक केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हैं।*

विश्लेषण

# आर्थिक तथा सामरिक महाशक्ति बनने अग्रसर भारत

✍ संजीव ठाकुर



पिछले 11 वर्षों में भारत की चौतरफा विकास की गति को पूरा विश्व अपनी आंखों से देख रहा है। अब भारत एशिया का बड़ी शक्ति केंद्र बनकर उभर रहा है। चीन के बाद भारत बहुत बड़ी सामरिक शक्ति भी बन चुका है। भारत ने अन्न तथा दवाइयां, मेडिकल इक्विपमेंट लोहे से बनी सामग्रियां एवं सामरिक महत्व के हवाई जहाज पानी के जहाज एवं अन्य आवश्यक अस्त्र-शस्त्र निर्माण करने में अग्रणी भूमिका का संचालन शुरू कर दिया है। अब भारत शस्त्रों का निर्यातक भी बन गया है। रूस यूक्रेन युद्ध के दौरान रुस से भारत ने कच्चा तेल आयात कर उसे भी परिष्कृत करने के बाद दूसरे देशों में बेचना शुरू कर दिया और यह बात अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप को नागवार गुजरी जिसके फ्लस्वरुप उसने 25 से लेकर 50त्न तक आयात शुल्क लगाकर एक नया विवाद शुरू कर दिया है। जिससे भारत तथा अमेरिका के रिश्तो में अस्थाई रूप से खटास आ गई है।

स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद अथक प्रयास करने के पश्चात आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी कार्यप्रणाली इसी सोच के साथ आगे बढ़ाई थी कि भारत अब एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं आर्थिक रूप से संपन्न राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आया है। इसी तारतम्य में 1952 से प्रारंभ की गई पंचवर्षीय योजनाओं के तहत कृषि, उद्योग, विज्ञान और स्वास्थ्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा सोच को मूर्त रूप दिया गया था। समय समय मैं सरकारें बदलती रहे और भारत विकास की ओर धीरे-धीरे बढता रहा। आज वर्तमान में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में आर्थिक स्थिति में जबरदस्त विकास किया है, भारत विश्व में पांचवी आर्थिक स्थिति बन चुका है दूसरी तरफ विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी में भी अहम स्थान रखता है। सामरिक तौर पर भी भारत की सेना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना विशेष स्थान रखती है ।अब पाकिस्तान या चीन की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह सीधा भारत पर आक्रमण कर सकें। भारत ने विकास कर यह साबित कर दिया है भारत अब पुराना भारत नहीं रहा है और अब किसी भी विषम परिस्थिति मैं भारत सीना तान कर खड़ा हुआ है। मैं किसी पार्टी विशेष का पक्षधर नहीं हूं जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी ,अटल बिहारी वाजपेई, डॉ मनमोहन सिंह और अब नरेंद्र मोदी जी ने भारत को वैश्विक पटल पर एक सम्मानजनक इस स्थिति में ला खड़ा किया है अटल बिहारी जी के नेतृत्व में हम परमाणु शक्ति संपन्न देश बने थे और इंदिरा गांधी जी के नेतृत्व में हमने 1971 में पाकिस्तान को बुरी तरह हराकर कर उसका विभाजन कर बांग्लादेश नामक नए देश का जन्म करवाया थो

पर मैं यहां बात विकास के वास्तविक धरातल और देश में गरीबी तथा बेरोजगारी उन्मूलन की करना चाह रहा हूं. हमारा देश अभी भी गरीबी ,बेरोजगारी ,भुखमरी, असमानता, अंधविश्वास, आडंबर और धार्मिक कट्टरपंथ का सामना करते हुए उस गति से विकास नहीं कर पा रहा है जिसके लिए वह अत्यंत समर्थ है आज भारत की धमक अमेरिका से लेकर जापान तथा अफ्रीकी देशों में भी है। भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी का स्वागत अमेरिका फ्रांस ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड ब्राजील इजरायल और सऊदी अरेबिया देश के अनेक राज्यों के राष्ट्रीय प्रमुख हुक्मरानों ने दिल खोलकर किया है, नरेंद्र मोदी की वैश्विक हैसियत इसी बात से पता चलती है कि बाहुबली अमेरिका के राष्ट्रपति ने उनका ऑटोग्राफ लेने की गुजारिश की है और पापुआ न्यू गिनी के राष्ट्र प्रमुख ने उनके चरण छूकर उनका अभिवादन किया ,यह संभवत चमत्कारिक प्रभाव भारत के शक्तिशाली होने एवं वैश्विक शांति के प्रति देश की प्रतिबद्धता के कारण ही हुआ है

पर दूसरी तरफ भारत की अंदरूनी स्थिति में भारत 141 करोड़ की जनसंख्या वाला देश हो गया है विकास की कल्पना में भारत आर्थिक तौर पर एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हो, इस स्थान पर गरीबी बेरोजगारी असमानता का उन्मूलन हो चुका हो। इसी तरह भारत कच्चे तेल के संकट से मुक्त होकर उर्जा संपन्न देश बने और भारतीय मुद्रा का चलन वैश्विक स्तर मैं सम्मान पूर्वक हो सके। सामाजिक स्तर पर विभिन्न लक्षित वर्गों जैसे दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक, आदिवासी, महिलाओं तथा बच्चों के लिए लाभकारी नीति बनाई जानी चाहिए। अभी महिलाओं की भागीदारी पुरुषों के के साथ सामाजिक तथा प्रशासनिक, वैज्ञानिक, चिकित्सकीय स्तर पर केवल कागजों में दिखाई देती है नारी प्रताड़ना का प्रतिशत अभी भी भारत में बहुत ज्यादा है। ग्रामीण क्षेत्र में बाल श्रम की स्थिति विकराल है अनाज का पर्याप्त भंडारण होने के बावजूद भूखमरी तथा बेरोजगारी भारत में सिर चढ़कर बोल रही है। इसी तरह भारत में सुरक्षा की दृष्टि से बहुत बड़ी बड़ी चुनौतियां हैं जैसे धार्मिक उन्माद, नक्सलवाद, चरमपंथी विचारधारा तथा विभिन्न राज्यों के आपसी विवादों से हमें मजबूती से निपटना होगा तब जाकर विकास की अवधारणा को मूर्त रूप दिया जा सकता है। भारत की प्रति व्यक्ति आय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपेक्षित रूप से बहुत कम है। भारत अभी वैज्ञानिक, तकनीकी और सुरक्षा के उच्च स्तर पर नहीं पहुंच पाया है। जिससे वह हर देश से आर्थिक सामाजिक राजनीतिक रूप से संतुलन बनाकर आमने सामने बैठ कर बात कर सके और इतना सामर्थ हो भारत कि हम संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद के आमंत्रित सदस्य बनकर बुलाए जाएं । गांधी जी ने स्वतंत्रता के बाद कहा था कि मेरे सपनों का भारत कैसा भारत हो जिसमें गरीब से गरीब और वंचित से वंचित तथा पिछड़ा व्यक्ति भी भारत को अपना देश समझे तथा भारत की सरकार ऐसी सरकार जो अपनी नीतियां अंतिम व्यक्ति को सोचकर बना सके और उस व्यक्ति को सर्वाधिक लाभ प्राप्त हो सके। गांधी जी के सपनों के भारत को बनाने के लिए देश को सामाजिक, सांस्कृतिक, संस्कारिक, वैज्ञानिक और राजनीतिक रूप से शक्ति संपन्न बनाना होगा तभी भारत का हर नागरिक अपने भारत के नागरिक होने पर गर्व उच्च स्तर पर कर सकेगा।

# सीमा विवाद सुलझाना कठिन

✍ हरिशंकर व्यास



वैसे तो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अप्रैल के शुरू में ही दुनिया भर के देशों के खिलाफ जैसे को तैसा टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया था। उसके बाद 22 अप्रैल को पहलगाम कांड हुआ और फिर छह और सात मई की दरम्यानी रात को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसका सीजफायर 10 मई की शाम को हुआ। इससे पहले तक राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ की लड़ाई सामान्य रूप से दुनिया के तमाम देशों के खिलाफ थी। वे दुनिया के तमाम देशों पर उसी तरह के टैरिफ लगाना चाहते थे, जिस तरह के टैरिफ उन देशों में अमेरिकी उत्पादों पर लगता था। उनके निशाने पर एक सौ देश थे और उनकी बंदूक भारत की ओर नहीं घूमी थी। उन्होंने अप्रैल में टैरिफ बढ़ाने की घोषणा करके उसे तीन महीने के लिए टाल भी दिया था ताकि इस बीच व्यापार संधि हो सके।

तभी सवाल है कि अप्रैल में ट्रंप की घोषणा के बाद ऐसा क्या बदला, जिससे उनकी बंदूक की नाल भारत की ओर घूम गई और वे लगातार भारत को निशाना बना कर हमला करने लगे? यह ध्यान रखने की बात है कि भारत को लेकर ट्रंप जिस तरह की बातें कर रहे हैं वह ट्रंप जैसे नेता के स्तर से भी सामान्य नहीं हैं। तभी ऐसा लग रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर और उसके सीजफायर के बाद स्थितियां बदली हैं। इसमें दो कारण समझ में आते हैं। पहला तो यह कि राष्ट्रपति ट्रंप चाहते होंगे कि उनको सीजफायर का श्रेय मिले, जो भारत नहीं दे रहा है। गौरतलब है कि ट्रंप ने ही 10 मई की शाम को सीजफायर की घोषणा की थी। उनको सोशल मीडिया पोस्ट के बाद भारत की ओर से एक 42 सेकेंड की प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई, जिसमें सीजफायर की जानकारी दी गई। उसके बाद से ट्रंप 35 बार से ज्यादा कह चुके हैं कि उन्होंने दो परमाणु शक्ति संपन्न देशों का युद्ध रूकवाया।

उनके बार बार कहने के बावजूद भारत ने उनको युद्ध रूकवाने का श्रेय नहीं दिया और उलटे इस बात का खंडन किया। संभव है कि नोबल पुरस्कार पाने के लिए बेचैन ट्रंप को लग रहा हो कि दो परमाणु शक्ति संपन्न देशों का युद्ध रूकवाने का श्रेय अगर मिल जाए तो उनको नोबल मिल सकता है। वे एक इंटरव्यू में इस बात पर दुख जता चुके हैं कि उन्होंने इतना बड़ा काम किया लेकिन उनको श्रेय नहीं मिल रहा है।

भारत की मुश्किल यह है कि वह जम्मू कश्मीर और पाकिस्तान के मसले पर किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को किसी स्थिति में स्वीकार नहीं कर सकता है। अगर किसी ने मध्यस्थता की भी है तो भारत उसका सार्वजनिक रूप से जिक्र नहीं करेगा। हो सकता है कि ट्रंप इस वजह से नाराज हुए हों। ध्यान रहे उनकी नाराजगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसद में दिए भाषण के बाद ज्यादा बढ़ी है, जिसमें उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी नेता ने सीजफायर नहीं कराई है। उसके बाद ही 25 फीसदी टैरिफ और रूस के साथ कारोबार की वजह से 25 फीसदी जुर्माने का टैरिफ यानी कुल 50 फीसदी टैरिफ लगा। इसके बाद वे बहुत कुछ और होने की बात भी कर रहे हैं। उन्होंने व्यापार संधि पर भी वार्ता रोकने और पहले टैरिफ का मामला सुलझाने की बात कही है।

सीजफायर का श्रेय नहीं मिलने के अलावा ऑपरेशन सिंदूर की वजह से दूसरी चीज बदली है वह भारत के प्रति वैश्विक धारणा है। पाकिस्तान की जमीन पर आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने के बाद दोनों के देशों के बीच शुरू हुए संघर्ष में भारत की सैन्य ताकत और उसके प्रति दुनिया के देशों का कूटनीतिक रवैया जाहिर हो गया है। भारत भले स्वीकार नहीं कर रहा है और पेंसिल टूटने की बात कर रहा है लेकिन कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सामरिक विशेषज्ञों ने भारत के लड़ाकू विमानों के नुकसान की बात कही है। खुद राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि भारत के पांच विमान गिरे।

भारत के सैन्य अधिकारियों ने माना है कि चीन ने पाकिस्तान के जरिए भारत के खिलाफ अपने हथियारों का परीक्षण किया। दोनों देशों के बीच सीजफायर हुआ तो वह भी बिना शर्त था, जिसकी वजह से पाकिस्तान को जीत का जश्न मनाने का मौका मिला। सोचें, भारत कह रहा है कि पाकिस्तान ने घुटने टेके और गिड़गिड़ाया तब सीजफायर हुआ। अगर ऐसी स्थिति थी तो भारत ने पाकिस्तान के सामने शर्तें क्यों नहीं रखीं? और कुछ नहीं तो पहलगाम कांड को अंजाम देने वाले आतंकवादियों की मांग ही जा सकती थी!

यह सभी सामरिक जानकारों की राय है कि भारत को अभी हमला जारी रखना चाहिए था, जिससे पाकिस्तान की सैन्य क्षमता की पोल खुल जाती और पाकिस्तानी जनता के सामने उसका सैन्य नेतृत्व एक्सपोज हो जाता। इसका भारत को लंबे समय में लाभ मिलता। लेकिन भारत ने अचानक हमला रोक दिया, जिससे यह संदेश बना कि पाकिस्तान भी एक बड़ा मिलिट्री पावर वाला देश है। इससे पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को हीरो बनने का मौका मिला।

बाद में पता चला कि पाकिस्तान की सेना ने भारत द्वारा नष्ट किए गए तमाम आतंकवादी ठिकानों को फिर से नया बनवा दिया। ऑपरेशन सिंदूर की वजह से भारत की सैन्य ताकत पाकिस्तान की बराबरी में आ गई और उसके बाद कूटनीतिक मोर्चे पर भी भारत के प्रति कोई बहुत सद्भाव देखने को नहीं मिला। युद्ध में दो देशों चीन और तुर्किए ने खुल कर पाकिस्तान का साथ दिया, जबकि भारत को जुबानी समर्थन सिर्फ इजराइल का मिला। दुनिया भर के देशों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ने की जरुरत बताई और पहलगाम कांड पर दुख जताया लेकिन किसी ने भारत की सैन्य कार्रवाई का समर्थन नहीं किया।

## सु-दोकू 144

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.143का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## डेड बग एक्सरसाइज से जुड़ी इन बातों का रखें ध्यान, मिलेगा फायदा

डेड बग एक प्रभावी एक्सरसाइज है, जो न केवल आपके पेट की मांसपेशियों को मजबूत बनाती है, बल्कि आपके पूरे शरीर की स्थिरता को भी बढ़ाती है। यह एक्सरसाइज दिखने में सरल लगती है, लेकिन इसके कई लाभ हैं। इस लेख में हम आपको डेड बग एक्सरसाइज से जुड़ी कुछ जरूरी बातें बताएंगे, जो आपको इसे सही तरीके से करने में मदद करेंगी।

**सही तरीका अपनाएं:** डेड बग करते समय सही तरीके का उपयोग करना बहुत जरूरी है। इसके लिए सबसे पहले अपनी पीठ को जमीन पर चिपकाकर रखें और दोनों हाथों को ऊपर की ओर सीधा रखें। अब एक हाथ और विपरीत पैर को धीरे-धीरे ऊपर-नीचे करें, जबकि दूसरा हाथ और पैर स्थिर रखें। इस दौरान ध्यान रखें कि आपकी पीठ जमीन से न उठे ताकि आपकी मांसपेशियां सही तरीके से काम करें और आपको अधिकतम लाभ मिले।

**धीरे-धीरे गति बढ़ाएं:** शुरुआत में इसे धीरे-धीरे करें और जैसे-जैसे आपकी मांसपेशियां मजबूत होंगी, आपकी गति भी बढ़ती जाएगी। तेजी से करने पर चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है इसलिए हमेशा धीरे-धीरे शुरू करें। इसके अलावा हर सेट के बीच में थोड़ी आराम करें ताकि आपकी मांसपेशियां पूरी तरह से आराम कर सकें। इससे न केवल आपकी सहनशक्ति बढ़ेगी, बल्कि आपको अधिक आरामदायक अनुभव भी मिलेगा।

**सांसों पर ध्यान दें:** डेड बग करते समय अपनी सांसों पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। जब आप अपने हाथ और पैर ऊपर-नीचे करें तो गहरी सांस लें और जब वापस शुरुआती स्थिति में आएं तो सांस छोड़ें। इससे न केवल आपकी मांसपेशियां मजबूत होंगी, बल्कि आपका मानसिक ध्यान भी केंद्रित रहेगा। सही तरीके से सांस लेने और छोड़ने से आपकी एक्सरसाइज अधिक प्रभावी होगी और आप इसे बेहतर तरीके से कर पाएंगे। यह आपकी सहनशक्ति को भी बढ़ाएगा।

**नियमितता बनाए रखें:** किसी भी एक्सरसाइज का पूरा फायदा उठाने के लिए नियमितता बहुत जरूरी होती है। सप्ताह में कम से कम 3 बार इसे करें ताकि आपके शरीर की सभी मांसपेशियां अच्छी तरह से काम करें और आपको इसके सभी लाभ मिल सकें। नियमित अभ्यास से आपकी सहनशक्ति बढ़ेगी और आप अधिक आरामदायक महसूस करेंगे।

# शिक्षा विद्यार्थियों को विचारवान तथा समाजोपयोगी बनाती है: प्रो. राजीव प्रकाश




**रायपुर, 19 अगस्त।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा सत्र 2025-26 में नव प्रवेशित स्नातक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को चार वर्षीय पाठ्यक्रम के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराने हेतु आयोजित 14 दिवसीय प्रेरण कार्यक्रम ''दीक्षा आरंभ'' का दिनांक 18 अगस्त 2025 को कृषक सभागार में शुभारंभ किया गया।

शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. राजीव प्रकाश, निदेशक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) थे और कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की। दीक्षा आरंभ कार्यक्रम में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर परिसर के अंतर्गत संचालित समस्त कृषि महाविद्यालयों के विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक ऑफलाइन अथवा ऑनलाइन शामिल हुए। दीक्षा आरंभ समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. राजीव प्रकाश, निदेशक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता के कई वर्षों बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू कर विद्यार्थियों को गुरू शिष्य परंपरा से जोड़ने की पहल की गई है और इसी कड़ी में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में दीक्षा आरंभ कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। प्रो. राजीव प्रकाश ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री और नौकरी देने का साधन नहीं है बल्कि यह व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास का माध्यम है। शिक्षा विद्यार्थियों को विचारवान तथा समाजोपयोगी बनाती है। शिक्षा विद्यार्थियों में जीवन मूल्यों का विकास करती है और उन्हें उत्कृष्टता प्राप्त करने की दृष्टि प्रदान करती है। प्रो. राजीव प्रकाश ने कहा कि नवीन शिक्षा नीति से नवीन भारत के निर्माण की परिकल्पना साकार होगी। उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे कृषि को अपना जीवनयापन का साधन बनायें।समारोह की अध्यक्षता करते हुए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत इस वर्ष सभी महाविद्यालयों में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षा आरंभ प्रेरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विगत वर्ष से नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया गया है तथा उसी के अनुरूप पाठ्यक्रमों तथा अध्ययन प्रणाली को विकसित किया गया है। यह विश्वविद्यालय प्रदेश का एक प्रमुख संस्थान है जो कृषि शिक्षा, अनुसंधान और प्रसार में उत्कृतष्टता के लिए समर्पित है। कृषि महाविद्यालयों में हम कृषि में नवाचार, स्थिरता और शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।



**सुकमा, 19 अगस्त।** झापरा पुल पर से बह रहा शबरी नदी का पानी उड़ीसा की ओर जाने वाली एक यात्री बस समेत कई वाहन फंसे लगातार बारिश और शबरी नदी में तेज़ उफान के चलते झापरा पुल पर पानी का बहाव जारी है। यात्री बस सहित दोपहिया और अन्य वाहन पुल के उस पार फंसे हुए हैं। बड़ी संख्या में यात्री और ग्रामीण पुल के दोनों ओर रुके हुए हैं। जिला प्रशासन से रेस्क्यू और मार्ग बहाली की माँग बढ़ी। किसी भी प्रकार की आवाजाही पूरी तरह बाधित।जनता से अपील है कि हालात सामान्य होने तक यात्रा से बचें ।

## एक नजर

### जनजातीय कल्याण एवं विकास के लिए संचालित होगा आदि कर्मयोगी अभियान

**कांकेर 19 अगस्त ।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा गत 10 जुलाई को आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ किया गया, जिसके तहत अनुसूचित जनजातियों के विकास एवं कल्याण से जुड़ी प्रमुख योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने समय-सीमा बैठक के दौरान आदि कर्मयोगी अभियान को जिले में प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि उक्त अभियान के तहत आदिवासी विकास एवं उत्थान से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को इसमें समेकित किया गया है, जिसके अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। इसके लिए जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मंडावी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुश्री जया मनु ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान कैडर आधारित मॉडल एवं अंतरविभागीय अभिसरण पर आधारित है, जो कि आदिवासी क्षेत्र में अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु लक्षित है। उन्होंने बताया कि जिले के ग्रामों में विभिन्न योजनाओं जैसे- धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान, पीएम जनमन के तहत आवास, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि के क्रियान्वयन, उपलब्धता एवं संतृप्तिकरण हेतु ग्राम स्तर पर कार्ययोजना तैयार की जाएगी। साथ ही इसमें अंतरविभागीय योजनाओं को भी शामिल कर क्रिटिकल गैप को चिन्हांकित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके तहत जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय ट्रेनर्स नियुक्त किए जाएंगे, जिसमें क्षेत्रीय भाषा एवं स्थानीय बोली को ध्यान में रखते हुए उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही आदिवासी कल्याण एवं उत्थान हेतु कार्यरत संस्था, संगठन, रेडक्रॉस सोसायटी आदि को भी सम्मिलित किया जाएगा। कलेक्टर ने अभियान को जनभागीदारी आधारित एवं ग्रामीण विकास का सशक्त माध्यम बताते हुए सभी विभागों को इसे सफल बनाने हेतु समन्वयपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।

### आवारा पशुओं की सतत निगरानी के निर्देश अब तक 80 हजार की पेनाल्टी वसूली गई

**महासमुंद 19 अगस्त ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सचिन भूतड़ा एवं रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी के माध्यम से जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित सभी ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री लंगेह ने आदिवासी विकास विभाग द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान के संबंध में जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि जिले के 308 आदिवासी बाहुल्य गांवों में आदि सेवा केन्द्र की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनजाति समुदायों के अंतिम व्यक्ति तक विकास सुनिश्चित करने के लिए यह योजना लागू की जा रही है। उन्होंने रजत जयंती समारोह की तैयारियों की भी समीक्षा की और सभी विभागों को विशेष उपलब्धियों के साथ कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में समय-सीमा में डेटा अपलोड करने, तथा ई-ऑफिस का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने 15 वर्ष से अधिक पुरानी शासकीय वाहनों की नीलामी हेतु संबंधित जानकारी प्रस्तुत करने को कहा। मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा करते हुए गढ़फुलझर, दुर्गापाली में प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

पीएम जनमन योजना अंतर्गत निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासों को 31 अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बहुद्देशीय केंद्रों की प्रगति की जानकारी भी ली गई। उन्होंने कहा कि सहकारी समिति में खाद पहुंचने पर इसे तत्काल किसानों को बांटना सुनिश्चित करें।

## भारतीय मजदूर संघ ने ट्रेड यूनियनों की मान्यता के संबंध में

# औद्योगिक अधिनियम की 5 वीं अनुसूची का पालन करने केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखा




**किरन्दुल,19 अगस्त।** विश्व के सबसे बड़े ट्रेड यूनियन भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल द्वारा एनएमडीसी लिमिटेड में ट्रेड यूनियनों के मान्यता के संदर्भ में औद्योगिक अधिनियम 1947 की धारा 2 आरए के कॉलम-2 (बी) की 5वीं अनुसूची का अनुपालन सुनिश्चित करने बाबत केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री को पत्र प्रेषित करते हुए उसकी प्रतिलिपि अधिशाषी निदेशक के सभागार में सांसद प्रतिनिधि नवीन विश्वकर्मा के नेतृत्व में आहूत एक बैठक में बीआईओएम किरंदुल कॉम्प्लेक्स के अधिशाषी निदेशक के नाम पर पीएमसी को सौंपा गया। पत्र में क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (केन्द्रीय) रायपुर के पत्र का उल्लेख करते हुए औद्योगिक संबंध संहिता के अनुसार नियोक्ता के साथ समझौता करने के लिए पंजीकृत ट्रेड यूनियनों वाले औद्योगिक प्रतिष्ठान में समझौता करने वाली यूनियन का प्रावधान के बारे में उल्लेख किया गया है, जिसमें एक से अधिक ट्रेड यूनियन संचालित होने के मामले में उस परियोजना के श्रमिकों द्वारा गुप्त मतदान के माध्यम से बहुमत के आधार पर समझौता करने के लिए मान्य यूनियन चुनने का अधिकार प्रदत्त है। क्षेत्रीय श्रम आयुक्त द्वारा उक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से यह सुस्पष्ट किया गया है कि एनएमडीसी किरन्दुल एवं बचेली कॉम्प्लेक्स में कोई भी संघ मान्यता प्राप्त नहीं है। प्रबंधन प्रतिष्ठान में कार्यरत सभी यूनियनों के साथ समान व्यवहार करने करने के बजाय कुछ यूनियनों को उनके साथ अधिकारिक बैठक की अनुमति देने और अन्य सुविधायें प्रदान करने के रूप में पक्षपात कर रहा है। इन यूनियनों ने एक महासंघ बनाया है, जो कि अवैधानिक है, एवं एक निजी समझौता है। प्रबंधन अपने कामगारों या इसके सदस्यों को संगठित करने के प्रयास में यूनियनों से पक्षपात कर रहा है। प्रबंधन का ऐसा कृत्य औद्योगिक अधिनियम 1947 की धारा 2 (आरए) के कॉलम-2 (बी) की पाँचवीं अनुसूची के तहत अनुचित है। उपरोक्तानुसार अनुशासन संहिता के तहत गुप्त मतदान प्रक्रिया के माध्यम से ट्रेड यूनियन सदस्यता का सत्यापन करना वांछनीय है। भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी, महामंत्री मोहित धवन, ग्राम पंचायत कोड़ेनार की सरपंच मीना मंडावी, भावना सक्सेना, शालिनी कर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता आर सी नाहक, नजमूल हक की विशेष उपस्थिति में खदान मजदूर संघ किरंदुल शाखा के अध्यक्ष बी दिल्ली राव, राजेंद्र यादव, दानेश्वर जोशी, उपेंद्र त्रिपाठी, लिषांश सिँह द्वारा औद्योगिक संहिता का अनुपालन किया जाना सुनिश्चित किये जाने हेतु आवश्यक आगामी कार्रवाई शीघ्रता अति शीघ्र सुनिश्चित करने हेतु कहा गया, जिस पर स्थानीय परियोजना प्रबंधन की मानव संसाधन विभाग की विभागध्यक्ष के एल नागवेणी द्वारा मुख्यालय से निर्देश मिलने पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

# नगर पालिका की कल्याणकारी योजना से वार्डवासियों को 24 घंटे जल आपूर्ति




**किरंदुल,19 अगस्त।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह एवं वार्ड पार्षद श्रीमती यशोदा चुन्नम की अनुशंसा पर नगर पालिका प्रशासन ने वार्ड के जरूरतमंद घरों एवं सार्वजनिक स्थलों में चौबीसों घंटे जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नल कनेक्शन उपलब्ध कराया है। यह कार्य नल-जल योजना के अंतर्गत किया गया, ताकि वार्डवासियों को दैनिक उपयोग में जल की कोई कमी न हो। विदित हो कि वार्ड क्रमांक 5 के सार्वजनिक भवन परिसर में लंबे समय से 24 घंटे नल जल आपूर्ति की मांग की जा रही थी। अध्यक्ष एवं पार्षद ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए नल कनेक्शन लगवाया।विशेष उल्लेखनीय है कि नगर पालिका की प्लंबर टीम ने लगातार हो रही भारी बारिश के बीच भी अथक परिश्रम करते हुए पाइप लाइन बिछाकर कनेक्शन जोड़ा। दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के बीच यह कार्य करना आसान नहीं था, फिर भी टीम ने वार्डवासियों की सुविधा के लिए चुनौती का सामना किया।इस त्वरित समाधान और समर्पित कार्य के लिए स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका की प्लंबर टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह, पार्षद श्रीमती यशोदा चुन्नम और पूर्व अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।यह पहल न केवल वार्डवासियों की पुरानी समस्या का समाधान है, बल्कि नगर पालिका की जनहितकारी सोच और सेवा भावना का भी उत्कृष्ट उदाहरण है।

## ट्रक एसोसिएशन चुनाव: मनोज सिंह अध्यक्ष निर्वाचित



**किरंदुल, 19 अगस्त।** औद्योगिक नगर बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के बहुप्रतीक्षित वार्षिक चुनाव 13 अगस्त को शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुए। मतदाताओं ने भारी संख्या में मतदान करते हुए संगठन के नेतृत्व को नई दिशा देने वाले प्रत्याशियों को चुना। चुनाव से पहले कई वरिष्ठ सदस्यों ने स्पष्ट कहा था कि यदि इस बार भी चुनाव में पारदर्शिता नहीं रही, तो संगठन बिखर सकता है।÷ लेकिन इस बार सभी मतदाताओं ने पूरी निष्पक्षता और एकजुटता के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए प्रत्येक विजयी प्रत्याशी पर विश्वास जताया।




### महाकालेश्वर शिव मंदिर स्थापना वर्षगांठ पर विशेष आयोजन

**किरन्दुल।** औद्योगिक नगर के वार्ड नं. 5, मलप्पा कैम्प स्थित महाकालेश्वर शिव मंदिर के स्थापना वर्षगांठ के शुभ अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह, वार्ड पार्षद श्रीमती यशोदा चुन्नम एवं श्री गोपी नाथ ने संयुक्त रूप से मंदिर समिति को लाउड स्पीकर, माइक सेट एवं बर्तन भेंट किए। इस अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर विशेष पूजा एवं दर्शन की भव्य व्यवस्था की गई है। मंदिर समिति ने सभी शिवभक्तों, परिवारजनों एवं गणमान्य नागरिकों से इस पुण्य अवसर पर उपस्थित होकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया है।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं

**रायगढ़, 19 अगस्त।** जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों की समस्याएं, शिकायतें और मांगों को गंभीरता से सुना। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का नियमानुसार शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप जिले में प्रत्येक सोमवार को जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य है कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित हो।

जनदर्शन के दौरान ग्राम पंचायत खोखरा के सरपंच ने नल-जल योजना के अधूरे कार्य और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध न होने की समस्या रखी। उन्होंने बताया कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य अधूरा है तथा असामाजिक तत्वों द्वारा टंकी की रैलिंग को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने किया चंचल सुधाकर को सम्मानित



**सुकमा,18 अगस्त।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, सुकमा की होनहार छात्रा चंचल सुधाकर ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर जेईई मेन्स 2025 परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इस सफलता के परिणामस्वरूप उन्होंने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में बी.टेक (बायोटेक्नोलॉजी शाखा) में प्रवेश प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है।चंचल ने कक्षा 12वीं की पढ़ाई एकलव्य विद्यालय, सुकमा से ही पूर्ण की थी। जेईई की प्रारंभिक तैयारी भी उन्होंने यहीं से आरंभ की। विद्यालय के अनुभवी शिक्षकों ने उन्हें निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया। साथ ही, जेईई मेन्स की आवेदन प्रक्रिया से लेकर काउंसलिंग तक का संपूर्ण कार्य विद्यालय परिसर में ही संपन्न कराया गया, जो कि प्रधानाचार्य श्री राजीव कुमार के कुशल नेतृत्व का परिणाम है।इस असाधारण उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त की। छात्रा चंचल सुधाकर को कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजीव कुमार ने प्रमाणपत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री ध्रुव ने चंचल को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और उनके परिश्रम एवं समर्पण की सराहना की।

### कलेक्टर ने बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की



**सुकमा,18 अगस्त।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्री मुकुंद ठाकुर ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम, 15वें वित्त एवं अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।सीईओ श्री ठाकुर ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी स्वीकृत मकान और द्वितीय किश्त वाले मकान 30 सितंबर तक हर हाल में पूरे किए जाएँ, अन्यथा जिम्मेदार अमले पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने नियद नेल्लानार और स्पेशल प्रोजेक्ट ग्राम पंचायतों में सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुँचाने और राजमिस्त्री प्रशिक्षण के जरिए गुणवत्तापूर्ण मकान निर्माण पर जोर दिया।मनरेगा अंतर्गत लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत मानव दिवस सृजित करने, वर्ष 2023-24 के अधूरे कार्यों को पूरा करने तथा भुगतान सीधे हितग्राहियों के खातों में करने के निर्देश भी दिए गए। स्वच्छ भारत मिशन में प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी मकानों में शौचालय निर्माण अनिवार्य करने पर बल दिया गया।एनआरएलएम में सभी हितग्राहियों को लाभ पहुँचाने, अधिक से अधिक समूह की दीदी को जोड़ने और उन्हें ÷लखपति दीदी÷ बनाने के लिए भी विशेष पहल करने के निर्देश दिए गए।

### नारद जयंती पर रंजीत बारठ का सम्मान




**सुकमा,19 अगस्त।** प्रेस क्लब में देवर्षि नारद जयंती के अवसर पर शबरी माता जनकल्याण सेवा समिति द्वारा पत्रकार सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें रायपुर से मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार अरविंद मिश्रा जी, जनसंपर्क अधिकारी श्री सुखसागर वारे जी व जिलाध्यक्ष पीसा राजेंद्र जी ने पत्रकार संघ के सुकमा ब्लॉक अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जिला कोसाध्यक्ष रंजीत बारठ जी का सम्मान किया गया आपको बहुत बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की गौरवपूर्ण उपलब्धि

**सुकमा,19 अगस्त।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, सुकमा की होनहार छात्रा चंचल सुधाकर ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर जेईई मेन्स 2025 परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इस सफलता के परिणामस्वरूप उन्होंने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में बी.टेक (बायोटेक्नोलॉजी शाखा) में प्रवेश प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

# उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण सूरदास शर्मा ने किया

**सिमगा, 19 अगस्त।** ग्राम पंचायत नवागांव में उप स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण कार्यक्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूरदास शर्मा ने कहा भारतीय जनता पार्टी जो कहती है उसको पूरा करती है आज ग्राम पंचायत नवागांव में जो भी काम हुआ है वह डॉक्टर रमन सिंह के कार्यकाल में और अभी विष्णु देव के कार्यकाल में हुआ है हमने चुनाव के पहले यह घोषणा किया था 2 साल का बकाया बोनस देंगे किसानों का धान 3100 रुपए क्विंटल में 21 कुंतल प्रति एकड़ खरीदेंगे हमने अपने घोषणा को पूरा किया दूसरी तरफ कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दो बार का बोनस अभी तक नहीं दिया है किसानों को खाली थमने का काम किया है श्री शर्मा ने कहा 17 महीने से महतारी वंदन योजना का पैसा प्रत्येक माता एवं बहनों को 1000 पर प्रतिमा के दर से दिया जा रहा है और आज मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा की बहुत जल्दी महतारी वंदन का बैंड पोर्टल खुलेगा और जो लोग इस योजना का लाभ नहीं ले पाए हैं उन लोगों को भी इस योजना में लाभ लेने का अवसर प्राप्त होगा या विष्णु का सुशासन है श्री शर्मा ने कहा भाटापारा शाखा नहर का काम बंद पड़ा था जब 1998 में पहली बार विधायक बना तो इस काम को शुरू करने के लिए एक जन आंदोलन चालू किया और जब पहली बार 2003 में डॉक्टर रमन सिंह की सरकार छत्तीसगढ़ प्रदेश में बनी तो तात्कालिक कृषि मंत्री स्वर्गीय हेमचंद यादव जी किस आयोग से भाटापारा शाखा नहर का रुका हुआ काम चालू हुआ आज मैं गर्व के साथ कह सकता हूं 60000 एकड़ में किसानों को इसका फायदा हो रहा है श्री शर्मा ने कहा पहले किसानों को चार बार में बोनस की राशि दी जाती थी अभी हम एक साथ किसानों के खाते पर बोनस की राशि डाल रहे हैं हम जो कहते हैं उसको पूरा करने का काम करते हैं खाली घोषणा नहीं करते जब मैं राजनीति में आया तो एक सोच के साथ आया मेरी सोच थी की सड़क स्कूल पेयजल अच्छी शिक्षा अच्छा स्वास्थ्य यह सब क्षेत्र की जनता को दूं श्री शर्मा ने कहा खुशी हो रही है कि मैं उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण करने के लिए आपके बीच में यहां उपस्थित हुआ हूं अब यहां के नागरिकों को भी अच्छी स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त होगी ।एक समय था जब मैं 1980 में पहली बार चुनाव प्रचार के लिए नवागांव आया था उसे समय यहां पर आने के लिए कच्ची सड़क थी बहुत मुश्किल से आपके गांव तक पहुंचा था आज मैं गर्व के साथ कह सकता हूं भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में डामर की सड़क है सीमेंट की सड़क है कोई भी गांव सड़क भी नहीं है श्री शर्मा ने कहा काम करने के लिए सोच होना चाहिए जज्बा होना चाहिए मैं अपने राजनीतिक जीवन में ईमानदारी से विधानसभा की सेवा करने पर लगा दिया चाहे कांग्रेस हो चाहे बीजेपी हो विकास का काम करने के लिए मैं हमेशा तत्पर रहा मैं कभी यह नहीं देखा कि इस गांव से मुझे वोट मिला है कि नहीं मिला है यह गांव मुझे समर्थन किया है कि नहीं किया है।मैं ईमानदारी पूर्वक अपने क्षेत्र के विकास में काम किया है श्री शर्मा ने कहा जिस समय छत्तीसगढ़ राज्य बना उसे समय सिर्फ दो हाई स्कूल सिमगा ब्लॉक में थे आज मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि 37 हायर सेकेंडरी हाई स्कूल हमारे विधानसभा में है ।

# रजत जयंती महोत्सव के लिए सभी विभाग अपनी तैयारियां सुनिश्चित करें:कलेक्टर

**कांकेर 19 अगस्त ।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें लंबित प्रकरणों की विभागवार प्रगति की समीक्षा की गई। राज्य शासन द्वारा 15 अगस्त से मनाए जा रहे रजत जयंती महोत्सव के संबंध में सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसके आयोजन के संबंध में आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने तथा विभागीय गतिविधियों को लेकर पूर्व में कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

आज सुबह 10.30 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके तहत 15 अगस्त से 31 मार्च 2026 तक विभिन्न विभागों द्वारा विविध प्रकार की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मंडावी ने रजत जयंती वर्ष के तहत जिले में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत संस्कृति विभाग, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, खेल एवं युवा कल्याण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, श्रम, सामान्य प्रशासन, कृषि, वन, पर्यटन, सुशासन एवं अभिसरण, गृह, जनसम्पर्क, समाज कल्याण, खाद्य, जल संसाधन, अनुसूचित जाति एवं जनजाति सहित विभिन्न विभागों द्वारा व्यापक स्तर पर अलग-अलग गतिविधियां तिथिवार आयोजित की जाएंगी। उन्होंने इसके लिए विभागों के अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां एवं कार्ययोजना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने नियद नेल्लानार के तहत जुड़े नवीन ग्रामों में आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने हेतु निर्देशित किया। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने छोटे स्तर के लंबित निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के लिए सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित किया। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण कार्य और पीडीएस सेंटर निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएमएफ के तहत निर्मित भवनों में मद के साथ लोगो अंकित करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पोषण पुनर्वास केन्द्र, राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम, विशेष केन्द्रीय सहायता मद सहित विभिन्न प्रकार के योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अधिकारियों को अपने निजी निवास में रूफटॉप स्थापित करने पर जोर दिया। उन्हांने कार्यपालन अभियंता विद्युत को इसका सतत प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा कलेक्टर ने अटल मॉनिटरिंग डैश बोर्ड में प्रदर्शित जिले के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए समय-सीमा में निबटारा कर उसकी ऑनलाइन एंट्री तत्काल कराने हेतु निर्देशित किया। बैठक में डीएफओ श्री रौनक गोयल, अपर कलेक्टर द्वय श्री जितेन्द्र कुर्रे एवं ए.एस. पैकरा सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी तथा जिला स्तर के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सीएम ने भिलाई निगम में 260 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण



**भिलाई, 19 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को नगर पालिक निगम भिलाई को विकास की बड़ी सौगात दी। उन्होंने 241 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत के 112 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए वादे को हमारी सरकार मोदी की गारंटी को पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूर्ण किया जा रहा है। 3 करोड़ जनता से किए गए वादों को हमारी सरकार पूरा कर रही है। सरकार ने बीते 20 महीनों में अधिकांश गारंटी को पूरा किया है। महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1000 की आर्थिक सहायता राशि दी जा रही है, इस योजना के तहत 70 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए राज्य सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत सालाना 10 हजार की आर्थिक सहायता राशि दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलला दर्शन योजना के तहत अब तक 22 हजार से अधिक श्रद्धालु अयोध्या यात्रा कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य की 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र शुरू हो चुके हैं, जहां ग्रामीणों को दस्तावेज, प्रमाण पत्र और बैंकिंग सुविधाएं मिल रही हैं। अगले छह महीनों में 5 हजार और पंचायतों को इस योजना से जोड़ा जाएगा। 24 अप्रैल 2026, पंचायती राज दिवस पर छत्तीसगढ़ की सभी ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र प्रारंभ किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय निकायों के चुनाव में जारी अटल विश्वास पत्र के सभी वादों को भी एक-एक कर पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगरीय निकायों के विकास हेतु अब तक लगभग 8 करोड़ रुपये की राशि दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्टेट केपिटल रिजन के गठन की भी जानकारी दी, जिसमें रायपुर, भिलाई, दुर्ग और राजनांदगांव को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सुशासन और जवाबदेही के लिए राज्य में गुड गवर्नेंस एंड ट्रांसफॉर्मेशन डिपार्टमेंट का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री साय ने विधायक रिकेश सेन की मांग पर नगर पालिक निगम भिलाई के कार्यालय भवन निर्माण हेतु 20 करोड़ की घोषणा की ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भिलाई नगर निगम के लिए 20 करोड़ रुपये की लागत से नए कार्यालय भवन निर्माण की भी घोषणा की। 18 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत के लोकार्पित 46 कार्यों में जोन 1 नेहरू नगर में 5 करोड़ 92 लाख रुपए लागत के 20 विभिन्न निर्माण कार्य, जोन 2 वैशाली नगर में 3 करोड़ 5 लाख रुपए लागत के 10 निर्माण कार्य, जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर में 1 करोड़ 1 लाख रुपए लागत के 07 निर्माण कार्य, जोन क्रमांक 5 में 1 करोड़ 50 लाख रुपए लागत के एक कार्य तथा परियोजना शाखा के अंतर्गत 7 करोड़ 25 लाख रुपए लागत के 08 निर्माण कार्य शामिल है। इसी प्रकार भूमिपूजन के अंतर्गत 241 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत के 66 कार्य, जिसमें जोन 1 नेहरू नगर में 22 करोड़ 85 लाख रूपए लागत के 25 विभिन्न कार्य, जोन 2 वैशाली नगर में 9 करोड़ 91 लाख रूपए लागत के 20 कार्य, जोन कमांक 3 मदर टेरेसा नगर में 2 करोड़ 80 लाख रूपए लागत के 5 कार्य, जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर में 2 करोड़ 27 लाख रूपए लागत के 04 कार्य, जोन क्रमांक 5 सेक्टर 06 में 66 लाख रूपए लागत के 04 कार्य, परियोजना शाखा अंतर्गत 12 करोड़ 81 लाख रूपए लागत के 5 कार्य, 60 लाख रूपए लागत के उद्यान विभाग का एक कार्य व 189 करोड़ 57 लाख रूपए लागत के जलकार्य विभाग के एक कार्य शामिल है। मुख्यमंत्री ने नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को सामग्री वितरण किया।

## एक नजर

### अवैध शराब विक्रेता पर पोड़ी पुलिस टीम ने की कार्रवाई



कवर्धा,19 अगस्त। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह भा.पु.से के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल,पंकज पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोडला अखिलेश कौशिक के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी पोड़ी उप निरीक्षक विमल लावनिया के नेतृत्व में अवैध शराब बिक्री पर कार्यवाही की गई। दिनांक 16.08.2025 को जुर्म जरायम पतासाजी के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मानिकपुर निवासी दीपक यादव पिता तिहारी यादव उम्र 22 वर्ष अपने कोठार के पास अवैध रूप से देशी शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल ग्राम मानिकपुर पहुंचकर घेराबंदी की गई। जहां आरोपी दीपक यादव को मौके पर पकड़ा गया। पुलिस को देखकर शराब खरीदने वाले लोग भाग निकले। गवाहों के समक्ष तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से मां लक्ष्मी कृषि केन्द्र लिखा गुलाबी-सफेद रंग के थैले में 36 पाव देशी मदिरा प्रत्येक 180 मिली लीटर कुल 6.480 लीटरए जिसकी कीमत लगभग 2880 रुपये हैए तथा नगद बिक्री रकम 330 रुपये, कुल 3580 रुपये बरामद कर जब्त किए गए।आरोपी का कृत्य छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34.2 के अंतर्गत अपराध पाए जाने पर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विधिवत कार्रवाई पश्चात आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गयाए जहां से उसे 14 दिवस की न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

### कैदी की इलाज के दौरान मौत

**दुर्ग,19 अगस्त।** दुर्ग केंद्रीय जेल में बंद एक आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई जेल प्रशासन के अनुसार मृतक लंबे समय से उच्च रक्तचाप और मानसिक बीमारी से पीड़ित था केंद्रीय जेल दुर्ग के जेल अधीक्षक मनीष संभाकर ने बताया कि ग्राम टिकरी थाना अर्जुदा, जिला बालोद निवासी राधेश्याम यादव (58 साल) जो हत्या समेत गंभीर धाराओं धारा 302, 450, 506 में दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास की सजा काट रहा था उसे 26 फरवरी 2013 से दुर्ग जेल में बंद रखा गया था बीते दिनों उसकी तबीयत खराब होने पर चिकित्सकों की सलाह पर उसे दुर्ग जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था भर्ती के दौरान 17 अगस्त की रात 9 बजे इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया जेल अधीक्षक श्री संभाकर ने बताया कि राधेश्याम लंबे समय से उच्च रक्तचाप और मानसिक बीमारी से पीड़ित था मौत की सूचना मिलते ही जेल प्रशासन व पुलिस अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई की पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### चाकू लहराते दो युवक गिरफ्तार




**भिलाई, 19 अगस्त।** भिलाई कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दो थानों की पुलिस ने चाकू लहराते दो युवकों को गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे से धारदार चाकू बरामद किया है। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दुर्ग पुलिस कानून एवं शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया था। 17 अगस्त को थाना जामुल एवं भिलाई नगर क्षेत्र अंतर्गत अर्जुन सिंह एवं मयंक सुखदेवे नामक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से धारदार हथियार चाकू रखना पाए जाने से दुर्ग पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा ।

### गांजा सहित दो युवक पकड़ाए



**भिलाई,19 अगस्त।** भिलाई दोपहिया वाहन से राजनांदगांव से गांजा बेचने पावर हाउस आने से पहले भिलाईनगर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए सेक्टर 7-8 चौक में वाहन चेकिंग के दौरान डिक्की से 1.150 किलोग्राम गांजा जब्त किया हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (ख) 27 (क) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया है भिलाई नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि थाना भिलाई नगर पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक स्कूटी में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर राजनांदगांव से पावर हाउस की ओर आ रहे हैं ।सूचना पर सेक्टर 07-08 चौक गैरेज रोड में वाहन चेकिंग के दौरान स्कूटी सुजुकी एक्सेस में दो युवक मिले, जिन्हे रोककर पूछताछ करने पर अपना नाम हेमंत बमभोले उर्फ भोला निवासी कमला कॉलेज रोड़ जीवन कालोनी पाताल भैरवी मंदिर के पीछे राजनांदगांव व अक्षत सिंडे निवासी वार्ड न. 13 स्टेशन रोड़ थाना चिखली जिला राजनांदगांव बताया वाहन की तलाशी लेने पर स्कूटी की डिक्की के अंदर रखे अवैध मादक पदार्थ गांजा वजनी 01.150 किलोग्राम मिला।

# दिल्ली के लाल किले पर छत्तीसगढ़ लोक धरोहर की मोहक प्रस्तुति



**भिलाई, 19 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को नई दिल्ली स्थित ऐतिहासिक लालकिला में छत्तीसगढ़ लोक धरोहर सांस्कृतिक संस्था अहिवारा के कलाकारों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति दी। यह दल संस्था के निर्देशक डॉ. लीलाधर दास के निर्देशन में 20 कलाकारों के साथ मंचित हुआ। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रातः 7-30 बजे लाल किले पर ध्वजारोहण कर 21 तोपों की सलामी दी। इसके साथ ही 2 हेलीकॉप्टरों से पुष्प वर्षा हुई, जिसने समारोह का माहौल और भी भव्य बना दिया। इस अद्भुत पल का आनंद छत्तीसगढ़ लोक धरोहर के कलाकारों ने भी हजारों देशवासियों के साथ लिया और छत्तीसगढ़ महतारी जय तथा छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेशभूषा और परिधानों ने देशभर के दर्शकों को आकर्षित किया। लोगों ने कलाकारों के साथ फोटो और सेल्फी लेकर इस क्षण को यादगार बनाया। संस्थान के निदेशक डॉ. लीलाधर दास ने बताया कि यह उनका दिल्ली में 14वां अवसर है, जब वे लालकिले पर छत्तीसगढ़ की संस्कृति का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इससे पूर्व भी उन्होंने गुजरात, भुवनेश्वर (उड़ीसा), सूरजकुंड (हरियाणा), मध्य प्रदेश समेत अनेक स्थानों पर छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति का सफल प्रदर्शन किया है। इस आयोजन में नोडल अधिकारी के रूप में छत्तीसगढ़ से भानु प्रताप मरकाम तथा दिल्ली से लोकेश ध्रुव ने मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम से वापसी पर 17 अगस्त को राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर प्रभारी इंस्पेक्टर डॉ. तरूणा साहू ने कलाकारों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। आयोजन पर छत्तीसगढ़ लोक धरोहर की टीम ने दिल्ली में अरुण साव उपमुख्यमंत्री एवं विजय बघेल सांसद, दुर्ग लोकसभा से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

# हर-हर महादेव का जयघोष कर शिवनाथ में कूदा युवक, मौत

**भिलाई, 19 अगस्त।** रविवार को शिवनाथ नदी महमरा एनीकट के पास एक युवक ने शराब के नशे में हाईवोल्टेज ड्रामा किया और हर.हर महादेव का जयघोष कर नदी में कूद गया। उसे डूबता देख मौके पर मौजूद दो आरक्षकों ने छलांग लगाई लेकिन तेज बहाव के कारण वे उसे बचा नहीं सके। इसके बाद स्थानीय मछुवारों ने कड़ी मशक्कत से उसे बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान शंकर नगर बुद्ध विहार गली निवासी आकाश ताम्रकार 32 वर्ष के रूप में की गई है। इस पूरी घटना का लाइव वीडियो सामने आया है जो जमकर वायरल हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को छुट्टी के दिन शिवनाथ नदी महमरा एनीकट के पास काफी भीड़ जमा थी। इस दौरान सेल्फी प्वाइंट पर लोग शिवनाथ के नजारों का वीडियो बना रहे थे और सेल्फी ले रहे थे। इस बीच शाम करीब 4 बजे एक युवक नशे की हालत में पहुंचा और रोलिंग पकड़ा खड़ा हो गया। वह बार-बार कूदने की बात कहने लगा। इस दौरान वहां मौजूद कुछ लोग वीडियो बनाने लगे और कुछ लोग उसे बाहर निकालने की मिन्नते करने लगे। कुछ देर तक ड्रामा चलता रहा और देखते देखते युवक हर हर महादेव बोलकर कूद गया। जैसे ही युवक पानी में गिरा लोग चिल्लाने लगे। इसकी सूचना मिलते ही दुर्ग कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। दुर्ग कोतवाली के आरक्षक हरीश राव और श्रीराम ने युवक को बचाने की कोशिश की और नदी में कूदे लेकिन तेज बहाव के कारण सफल नहीं हो सके। इसके बाद वहां मौजूद मछुआरे भी पानी में उतरे और कड़ी मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाला। इसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## बार-बार बिजली कटौती से ग्रामीण अंचल में लोग परेशान

**कवर्धा,19 अगस्त।** कबीरधाम जिले में कई गांवों में बार बार बिजली कटौती से बच्चे ज्यादा परेशान दिखते है और शाम , रात को कई बार लाइट गुल होने से बच्चे ज्यादा परेशान होते है । बच्चे पापा को कहते है की पापा स्कूल का होमवर्क कैसे करेंगे और लाइट आती है लाइट जाती है बार बार क्यों महिलाएं भी होती है परेशान क्योंकि भोजन बनाने में भी होती है यदि बिजली बार बार गुल होती है । पीएम आवास निर्माण से खुशी दिख रही है लेकिन बार बार बिजली गुल से आम जनता , बच्चे ओर महिलाएं परेशान है । सरकार से जनता की अपेक्षा है की बिजली कबीरधाम जिले में दूरस्थ हो ।

# संगीत संध्या में देशभक्ति एवं फिल्मी गीतों की शानदार प्रस्तुति



**भिलाई, 19 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की श्रृंखला को सांस्कृतिक रंग प्रदान करते हुए कला मंदिर में मनमोहक संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरीए कार्यकारी कार्यपालक निदेशक संदीप माथुर तथा महाप्रबंधक सौमिक डे ने विशेष अतिथि के रूप में उपस्थिति प्रदान की। देशभक्ति गीत तथा नये.पुराने फिल्मी गीतों की प्रस्तुति इस संध्या का मुख्य आकर्षण रही। अतिथियों ने कलाकारों के उत्साहवर्धन हेतु उन्हें साधुवाद दिया और कहा कि ऐसे आयोजन कर्मियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के साथ.साथ संगठन की सांस्कृतिक धरोहर को भी आगे बढ़ाते हैं। संगीत समाज को जोड़ने वाली शक्ति है। स्वतंत्रता दिवस जैसे अवसर पर कर्मियों द्वारा प्रस्तुत किए गए गीत केवल मनोरंजन ही नहीं बल्कि हमारे सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट्रीय भावनाओं को भी जीवंत करते हैं। संचालन सुप्रियो सेन द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में राजेंद्र प्रसाद एवं उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक तथा कार्यक्रम के संयोजक के रूप में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार प्रभंजय चतुर्वेदीए पीटी उल्लास कुमार एवं दुष्यंत हरमुख ने आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में दिलीप शर्मा, दीपांकर दासए रविन्द्र कर्मकार, भालचंद्र शेगेकर, देबब्रत मजुमदारए भागवत साह, सतीश सिन्हा, साई चक्रवर्ती, समीर दास संगतकार के रूप में उपस्थित रहे। संगीत संध्या के आयोजन में अलंकर समद्दर व सरजीत चक्रवर्ती तथा ओंकार निर्मलकर ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया।प्रस्तुति देने वालों कलाकारों में कुमार पालए गोविन्द खरवार, मंजीता भारद्वाज, उत्तरा ओखदेए शिरीश ओखदेए मधुरिमा रेए उमाशंकर, भास्वती बोस, पंकजिनी, रंजीत मिंज, सरोज दुबे, टी निखिल, तान्या समद्दार, जी पी पांडियन, शालिनी पांडियन, जितेन्द्र साहू, ज्ञानु मैत्रेय, उत्तरा ओखदे, मधुरिमा रेए दीपंकर रेए नूर मोहम्मद, गोविन्द खरवार तथा समवेत स्वर शामिल हैं।

# श्रम पंजीयन शिविर 20 अगस्त से 29 सितम्बर तक

**धमतरी, 19 अगस्त ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिले में 20 अगस्त से 29 सितम्बर तक श्रम पंजीयन शिविर लगाया जाएगा। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि निर्माण स्थलों और ग्राम पंचायतों में लगने वाले इन मोबाइल कैम्प शिविरों में श्रमिकों का पंजीयन, नवीनीकरण सहित योजना आवेदन लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 20 अगस्त को मगरलोड ब्लॉक के भवन निर्माण कार्यस्थल सांकरा, 21 अगस्त को कुरूद के भवन निर्माण कार्य कोलियारी, 22 अगस्त को धमतरी के भवन निर्माण कार्य खपरी, 25 अगस्त को कुरूद के ग्राम सिहाद, 28 अगस्त को मगरलोड के धौराभाठा, कपालफोड़ी, 29 अगस्त को नगरी के ग्राम रतावा में शिविर लगाए जाएंगे।इसी तरह 2 सितम्बर को कुरूद के ग्राम कचना, 4 सितम्बर को मगरलोड के ग्राम परसाबुड़ा, 8 सितम्बर को धमतरी के सोरम, भटगांव, 10 सितम्बर को नगरी के ग्राम नवागांव सांकरा और 12 सितम्बर को धमतरी के ग्राम पोटियाडीह में श्रम पंजीयन शिविर लगाया जाएगा।

# महापौर ने किया 20 सीटर कन्या छात्रावास का लोकार्पण



**धमतरी, 19 अगस्त।** महापौर नगर निगम श्री रामू रोहरा ने बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में निर्मित 20 सीटर कन्या छात्रावास का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष जनभागीदारी समिति श्री सतीश पवार तथा कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्रावास का अवलोकन करते हुए यहां की सुरक्षा, पेयजल एवं स्वच्छता की व्यवस्था का जायजा लिया और संतोष व्यक्त किया।

महापौर श्री रोहरा ने छात्राओं को नए छात्रावास की बधाई देते हुए कहा कि जब प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर कार्य करते हैं तो विकास की गति तेज होती है। उन्होंने कहा कि नगर निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त कोशिशों से ही धमतरी में शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। महापौर ने छात्राओं की मांग को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर से 20 बिस्तरों को डबल डेकर बनाकर 40 बिस्तरों की व्यवस्था करने का आग्रह किया। उन्होंने आगे छात्रावास को चरणबद्ध तरीके से 100 बेड तक बढ़ाने का भरोसा दिलाया। महापौर ने कहा कि छात्रावास केवल ठहरने का स्थान नहीं बल्कि अनुशासन, आत्मनिर्भरता और सामूहिक जीवन मूल्यों को सीखने का केंद्र है। उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि वे अनुशासित रहकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें और भविष्य में समाज व देश की प्रगति में योगदान दें।

कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने मौके पर ही 40 बेड की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि धमतरी जिले से बाहर से आने वाली छात्राओं के लिए यह सुविधा बड़ी राहत प्रदान करेगी। कलेक्टर ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि आज के समय में पढ़ाई के साथ-साथ कोई न कोई हुनर सीखना भी आवश्यक है। जिला प्रशासन युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए कई कार्यक्रम संचालित कर रहा है। उन्होंने कहा कि छात्राएं अपनी अभिरुचि और बाजार की मांग के अनुसार कौशल प्रशिक्षण लेकर रोजगार की दिशा में मजबूत कदम उठा सकती हैं। उन्होंने कहा कि दो -तीन माह के बाद जोमैटो, पेटीएम, फ़ोन-पे और मैक्रोसाफ़्ट आदि कंपनियों के एक्जुकेटिव को आमंत्रित कर बच्चों का प्लेसमेंट या इंटर्नशिप करायेंगे। फिलहाल 200 बच्चों के प्लेसमेंट का लक्ष्य ले कर चल रहे है। महापौर श्री रोहरा ने यह भी बताया कि नालंदा परिसर के निर्माण की स्वीकृति भी मिल चुकी है, जिससे उच्च शिक्षा के क्षेत्र में धमतरी को नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम और जिला प्रशासन मिलकर छात्राओं के लिए सुरक्षित, सुसज्जित और आधुनिक छात्रावास उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री सतीश पवार ने भी छात्रावास की व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यह सुविधा ग्रामीण अंचलों से आने वाली छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी होगी। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. विनोद पाठक ने अतिथियों का स्वागत किया । और छात्रावास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्राएं और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ी फिल्म फेस्टिवल में कई फिल्मों का किया प्रदर्शन

**धमतरी, 19 अगस्त।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का संकल्प अवसर पर आज यहाँ जनपद पंचायत के सभागार में महापौर नगर निगम श्री रामू रोहरा के मुख्य आतिथ्य में छत्तीसगढ़ी फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा उपस्थित थे ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष जिला पंचायत श्री अरुण सर्वा ने की विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी श्रीमती अंगीरा ध्रुव शामिल हुई। इसके साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

महापौर श्री रामू रोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के इस पावन अवसर पर धमतरी में छत्तीसगढ़ी फिल्म फेस्टिवल आयोजित होना गर्व का विषय है। हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति, भाषा और सिनेमा ने समाज को जोड़ने का काम किया है।

आज धमतरी टूरिज्म वेबसाइट का लोकार्पण भी हम सभी के लिए ऐतिहासिक क्षण है। इस वेबसाइट से हमारे जिले के मंदिर, जलप्रपात और पर्यटन स्थल विश्व स्तर पर पहचान पाएंगे। धमतरी अब पर्यटन और संस्कृति, दोनों ही क्षेत्रों में नई उड़ान भरेगा। मैं जिले के सभी कलाकारों और युवाओं को इस योगदान के लिए बधाई देता हूँ छत्तीसगढ़ी फिल्म फेस्टिवल में छत्तीसगढ़ी फ़िल्म का इतिहास और सन 1965 में बनी पहली छत्तीसगढ़ी फ़िल्म कही देबे संदेस को बताया गया । वही धमतरी के स्थानीय निर्माताओं कलाकारों की शिक्षाप्रद लघु फिल्म निम्मो का भी प्रदर्शन किया गया।छत्तीसगढ़ी फिल्म फेस्टिवल में छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों में हर क्षेत्र में हुए विकास पर एक डाक्टूमेंट्री हिन्दी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा में मय आंकड़ों सहित प्रदर्शन किया गया। फिल्म निर्माता श्री राजू दीवान, श्री आमीर हाशमी, श्री केशव देवांगन और श्री आशीष कुमार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में महापौर श्री रामू रोहरा ने बटन दबाकर धमतरी टूरिज्म वेबसाइट का भी लोकार्पण किया गया । इस वेबसाइट में धमतरी जिले के प्रसिद्ध मंदिर, वॉटरफॉल, बांध जैसे तक़रीबन एक दर्जन पर्यटन केंद्रों की डिटेल्स अपलोड, गैलरी में तस्वीरों के साथ उपलब्ध है। धमतरी टूरिज्म की वेबसाइट पर सैलानियों को ,एक क्लिक में धमतरी के पर्यटन की जानकारी मिल जाएगी । धमतरी अब पर्यटन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के पर्यटन स्थलों और मंदिरों की जानकारी देश-विदेश तक पहुंचाने के लिए धमतरी टूरिज्म डॉट कॉम के नाम से वेबसाइट तैयार करवाई है।

# विधायक भावना बोहरा के तीज मिलन में नृत्य की धूम,विजेता पुरस्कृत



**कवर्धा,19 अगस्त।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा 18 अगस्त को सामुदायिक भवन, पंडरिया में तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र की 2500 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम में महिलाओं के मनोरंजन हेतु सामूहिक एवं एकल नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था जिसमें उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विधायक भावना बोहरा ने प्रतियोगिता में विजयी महिलाओं को सम्मानित कर तीज पर्व की अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं दी, वहीं उनके साथ बड़े ही उत्साहव व विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता कर उत्साह के साथ उत्सव को मनाया।कार्यक्रम में सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आने वाली समूह की महिलाओं को 11,000 रुपए, द्वितीय स्थान को 5,100 रुपए, तृतीय स्थान को 2,100 रुपए एवं ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया। इसी तरह एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान को 5,100 रुपए, द्वितीय स्थान को 2,100 रुपए, तृतीय स्थान को 1,100 रुपए एवं ट्रॉफी से पुरस्कृत कर बधाई व शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि तीजा पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति, परंपरा एवं नारी शक्ति के प्रतीक पर्व के रूप में बड़े ही उल्लास के साथ मनाया जाता है। यह पर्व नारी शक्ति, संवेदना, समर्पण और स्नेह का पर्व है जहाँ महिलाएं अपने पति के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन के लिए कठिन व्रत करती हैं जो हमारी भारतीय संस्कृति की एक महत्वपूर्ण परंपरा है। तीजा में सुहागन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु जीवन की कामना लेकर शिव-पार्वती की पूजा करती हैं। उन्होंने कहा कि हमारे धर्म में मान्यता है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता इसी मान्यता का अनुसरण करते हुए छत्तीसगढ़ की डबल इंजन भाजपा सरकार भी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनान एक एलिए प्रतिमाह 1000 रुपए की राशि महतारी वंदन योजना के माध्यम से उनके खातों में हस्तांतरित कर रही है। तीज केवल एक धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर का भी प्रतीक है। यह पर्व हमें हमारी जड़ों से जोड़े रखता है और नई पीढ़ी को हमारी परंपराओं और मूल्यों से परिचित कराता है। यह त्योहार सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है, क्योंकि इसमें हर वर्ग और समुदाय की महिलाएँ एक साथ मिलकर उत्सव मनाती हैं। यह पर्व हमें नारी शक्ति, आत्मविश्वास और एकता का संदेश देता है। भावना बोहरा ने आगे कहा कि तीज हमें यह सिखाती है कि प्रेम, समर्पण और विश्वास के साथ कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

### नगर निगम ने बकाया टैक्स पर 4 करदाताओं के नल कनेक्शन काटे

**दुर्ग,19 अगस्त।** नगर पालिक निगम दुर्ग के आयुक्त सुमित अग्रवाल ने राजस्व वसूली को लेकर सख्त तेवर दिखाए हैं। उन्होंने राजस्व विभाग अमल की बैठक लेकर स्पष्ट कहा कि नगर निगम की आय का सबसे बड़ा स्त्रोत टैक्स वसूली है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रत्येक वार्ड में वसूली का प्रतिशत शत-प्रतिशत होना चाहिए।आयुक्त के निर्देश के बाद निगम अमले ने विभिन्न वार्डों में बकायादारों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। बकाया कर की राशि 51,837 बकाया थी।

**एक नजर**

### दलीप ट्रॉफी 2025- ईशान टूर्नामेंट से बाहर, ईश्वरन बने ईस्ट जोन के कप्तान



**नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसी)।** विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन चोट के कारण दलीप ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए हैं। कुछ हफ्ते पहले उन्हें ईस्ट जोन का कप्तान नियुक्त किया गया था, लेकिन अब वे 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होने वाले छह-टीम टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे। उनकी जगह ओडिशा के 20 साल के विकेटकीपर-बल्लेबाज आशीर्वाद स्वैन को ईस्ट जोन टीम में शामिल किया गया है। बंगाल के 29 साल के दाएं हाथ के बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन, जो पहले उपकप्तान थे, को अब कप्तान बनाया गया है। स्वैन ने ओडिशा के लिए 11 प्रथम श्रेणी मैचों में 615 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 77 रन है। उन्होंने तीन अर्धशतक बनाए हैं और विकेट के पीछे 35 शिकार किए हैं, जिनमें 32 कैच और 3 स्टंपिंग शामिल हैं। ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन ने एक्स पर स्वैन के ईस्ट जोन टीम में शामिल होने की पुष्टि की। ओसीए ने लिखा, 'ओडिशा के विकेटकीपर-बल्लेबाज आशीर्वाद स्वैन को दलीप ट्रॉफी के लिए ईस्ट जोन टीम में चुना गया है। वे ईशान किशन की जगह लेंगे और संदीप पटनायक के साथ टीम में शामिल होंगे।'

**आखिरी बार जुलाई में खेला था :** ईशान किशन ने अपना आखिरी मैच 29 जून से 2 जुलाई 2025 तक नॉटिंघमशायर के लिए समरसेट के खिलाफटॉन्टन में खेला था, जिसमें उन्होंने नंबर 6 पर बल्लेबाजी करते हुए 77 रन बनाए थे। ईशान ने भारत के लिए 14 मार्च 2021 को अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफटी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू किया था और अब तक 2 टेस्ट, 27 वनडे और 32 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं।

# पाकिस्तान हॉकी एशिया कप से हटा ओमान ने भी नाम वापस लिया

## बांग्लादेश और कजाकिस्तान को मौका, 29 अगस्त से टूर्नामेंट शुरू होगा






**नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसी)।** पाकिस्तान 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट से अधिकृत रूप से हट गया है। इतना ही नहीं, ओमान ने भी अपना नाम वापस ले लिया है। ऐसे में बांग्लादेश और कजाकिस्तान को मौका दिया गया था। हॉकी इंडिया के एक सूत्र ने बताया- 'मंगलवार सुबह पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने भारत आने से अधिकृत तौर पर इनकार कर दिया है। ओमान की टीम भी हट गई है। ऐसे में बांग्लादेश और कजाकिस्तान को ड्रॉ में शामिल कर दिया।' इससे पहले मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान के इस टूर्नामेंट से हटने की बातें कही जा रही थीं। एक महीने पहले पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (PHF) ने सुरक्षा कारणों का हवाला दिया था। हालांकि, भारत सरकार ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा दिया था।

**एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप का टिकट:** एशिया कप से हटने के साथ ही पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करने का एक मौका गंवा दिया है। दरअसल, एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप का टिकट मिलता है। हॉकी का अगला वर्ल्ड कप 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा।

### पाकिस्तान की जगह खेल सकता है बांग्लादेश, हॉकी इंडिया अधिकारी ने कहा-हम 2 दिन और इंतजार करेंगे

**नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसी)।** बांग्लादेश की टीम 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की जगह खेल सकती है। यह टूर्नामेंट बिहार के राजगीर में आयोजित होने जा रहा है। हॉकी इंडिया के एक सीनियर अधिकारी ने कहा- 'अगर पाकिस्तान अगले 2 दिनों में अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं करता है, तो उसे बांग्लादेश से बदला जा सकता है।' रिपोर्ट के अनुसार, आयोजकों ने पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश से संपर्क किया है, लेकिन हॉकी इंडिया का कहना है कि स्थिति अगले 48 घंटों में क्लियर होगी। एक महीने पहले पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत आने से इनकार कर दिया था। हालांकि, भारत सरकार ने कहा कि वह पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा देगी।

हॉकी इंडिया के अधिकारी ने कहा- भारत सरकार पहले ही वीजा देने की बात कह चुकी है, लेकिन अगर वे (पाकिस्तानी खिलाड़ी) नहीं आना चाहते तो यह हमारी समस्या नहीं है। पाकिस्तान के नहीं आने की स्थिति में बांग्लादेश को आमंत्रित किया गया है, लेकिन हमें दो दिन और इंतजार करना होगा। अधिकारी ने आगे कहा- न तो पाकिस्तान और न ही बांग्लादेश ने अभी तक हमें कोई आधिकारिक पुष्टि दी है, लेकिन पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश के उतरने की संभावना ज्यादा है। एशिया कप जीतने वाली टीम वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करेगी। जोकि 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा।

# अल्काराज ने सिनसिनाटी मास्टर्स का खिताब जीता



**मैड्रिड, 19 अगस्त (एजेंसी)।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने सिनसिनाटी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अपना पहला खिताब जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में वर्ल्ड नंबर 1 जैनिक सिनर को पहले सेट के दौरान चोट के कारण रिटायर होना पड़ा, जिसके बाद अल्काराज को विजेता घोषित किया गया।

पिछले तीन महीनों में यह चौथा मौका है जब सिनर और अल्काराज किसी टूर्नामेंट के फाइनल में भिड़े। यह सिलसिला रोम से शुरू हुआ, फिर फ्रेंच ओपन और विम्बलडन में जारी रहा और अब सिनसिनाटी में एक और मास्टर्स 1000 फाइनल में दोनों आमने-सामने थे।

**सिनर आठवीं बार मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुंचे थे:** सिनर इस टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में थे। पिछले साल के चैंपियन सिनर ने सिनसिनाटी में एक भी सेट नहीं गंवाया और अपने आठवें मास्टर्स 1000 फाइनल में जगह बनाई। वह हार्ड कोर्ट पर लगातार 26 मैच जीत चुके हैं, जिसमें 2023 शंघाई मास्टर्स, एटीपी वर्ल्ड टूर फाइनल्स और 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन के खिताब शामिल हैं।

### एशियन शूटिंग चैंपियनशिप : भारतीय मेंस टीम ने 10 मीटर एयर पिस्टल में सिल्वर मेडल जीता



**श्यामकेंट, 19 अगस्त (एजेंसी)।** कजाकिस्तान के श्यामकेंट शहर में आयोजित एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में भारत ने 10 मीटर एयर पिस्टल टीम इवेंट में सिल्वर मेडल हासिल किया। अनमोल जैन, सौरभ चौधरी और आदित्य मालरा की तिकड़ी ने 1735 अंकों के साथ सिल्वर मेडल अपने नाम किया। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की टीम (हू काई, चांगजी यू और यिफन झांग) ने 1744 अंकों के साथ गोल्ड मेडल जीता, जबकि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफईरान की टीम ने 1733 अंकों के साथ ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। सिंगल्स में अनमोल छठे स्थान पर रहे पुरुष सिंगल्स में अनमोल जैन ने फाइनल में 155.1 अंकों के साथ छठा स्थान हासिल किया। क्वालिफिकेशन राउंड में उन्होंने 580 अंकों के साथ नौवां स्थान प्राप्त कर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। इस इवेंट में चीन के हू काई ने गोल्ड, कोरिया गणराज्य के सुहयोन होंग ने सिल्वर और ईरान के आमिर जोहारीखौ ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

## एशिया कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान, सूर्यकुमार कप्तान, गिल उपकप्तान

**मुंबई, 19 अगस्त (एजेंसी)।** 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप टी-20 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान हो गया है। चीफ सिलेक्टर अजित आगरकर ने मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे टीम की घोषणा की। टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे, जबकि भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को दौरे के लिए उपकप्तान बनाया गया है। इस साल भारत क्रिकेट एशिया कप का मेजबान है। पाकिस्तान के भारत में खेलने से इनकार के बाद इसे,श्व में आयोजित किया जा रहा है। टीम इंडिया का पहला मुकाबला 10 सितंबर को यूएई से होगा। भारत-पाकिस्तान के 3 मुकाबले हो सकते हैं एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के बीच 3 मुकाबले हो सकते है। **पहला मैच** 14 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। **दूसरा मैच:** एशिया कप में लीग स्टेज के बाद सुपर-4 राउंड होगा। भारत-पाकिस्तान के सुपर-4 राउंड में पहुंचने पर 21 सितंबर को भारत-पाकिस्तान की दूसरी भिड़ंत हो सकती है। **तीसरा मैच :** अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं, तो 28 सितंबर को भारत-पाकिस्तान के बीच एशिया कप में तीसरा मुकाबला खेला जाएगा।

**भारत को ग्रुप-ए में रखा; पाकिस्तान, यूएई, ओमान भी शामिल:** भारतीय टीम को ग्रुप ए में रखा गया है। उसके साथ पाकिस्तान, यूएई और ओमान की टीमें हैं। ग्रुप-बी श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्गकॉन्ग हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को यूएई, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा।

#### एशिया कप के लिए भारत का 15 मेंबर्स का स्क्वॉड

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह।
**स्टैंड बाय-** प्रसिद्ध कृष्णा, वाशिंगटन सुंदर, रियान पराग, ध्रुव जुरेल और यशस्वी जयसवाल।

## डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसी)।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग-2025 फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। नीरज ने सिलेसिया चरण के बाद फाइनल टेबल में 15 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 27 और 28 अगस्त को होने जा रहे मुकाबले के लिए क्वालिफाई किया। 27 साल के नीरज ने 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया राउंड में हिस्सा नहीं लिया था। हालांकि, उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का करियर बेस्ट थ्रो फेंका और दूसरे स्थान पर रहे। फिर नीरज ने जून में पेरिस डायमंड लीग में 88.16 मीटर का थ्रो कर पहला स्थान हासिल किया। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के एक अधिकारी ने बताया- 'अभी तक की जानकारी के अनुसार नीरज पूरी तरह फिट हैं और वे डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे।' फिलहाल, नीरज चोपड़ा चेक रिपब्लिक में ट्रेनिंग कर रहे हैं।



■ एएफआई अधिकारी ने पुष्टि की, 15 अंक के साथ क्वालिफाई, 27-28 अगस्त को ज्यूरिख में मुकाबला

### बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में भारतीयों को मिला कठिन ड्रॉ

**पेरिस, 19 अगस्त (एजेंसी)।** विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप की शुरुआत 25 अगस्त से होगी और इसके लिए बुधवार को ड्रॉ की घोषणा की गई। भारतीय खिलाड़ियों को कठिन ड्रॉ मिला है जिसमें लक्ष्य सेन अपने अभियान की शुरुआत दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी चीन के शी युकी के खिलाफ करेंगे। लक्ष्य और शी इससे पहले चार मुकाबलों में भिड़े हैं जिसमें चीन के खिलाड़ी ने तीन जीते और एक गंवाया है। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य पिछले साल पेरिस ओलंपिक में सेमीफाइनल में हार के बाद से लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। महिला एकल में टूर्नामेंट की सबसे सफल भारतीय खिलाड़ी और पांच बार की पदक विजेता पीवी सिंधू के लिए पहले दौर का मुकाबला अपेक्षाकृत आसान है। वह अपने अभियान की शुरुआत बुल्गारिया की विश्व की 66वें नंबर की खिलाड़ी कालोयाना नलबांटोवा के खिलाफ करेंगी।

**व्यापार**

### हैरियर और सफारी का ऑल-न्यू एडवेंचर पर्सोना लॉन्च

**रायपुर, 19 अगस्त।** प्रमुख एसयूवीनिर्माता कंपनी, टाटा मोटर्स ने आज अपनी लोकप्रिय एसयूवी - टाटा हैरियर और टाटा सफारी में ऑल-न्यू एडवेंचर-पर्सोना लॉन्च किया। इस नए पर्सोना में एडवेंचर,शानदार प्रदर्शन और ढेर सारे फीचर्स हैं, जो ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव और रोमांच से भरपूर लाइफस्टायइल जीने का मौका देते हैं। एडवेंचर-पर्सोना में इस कीमत पर पहली बार कई खास फीचर्स दिए गए हैं,जिनमें एडाप्टिव क्रूज कंट्रोलके साथ एडीएएस 360ए एचडी सराउंड व्यू,ऑटो होल्ड के साथ ट्रेल होल्डि इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेट्रेल रिस्पॉन्स मोड्स ,लैंड रोवर से प्रेरित कमांड शिफ्टर,और अन्य शानदार फीचर्स जैसे मेमोरी और वेलकम फंक्शन वाली एर्गो लक्स ड्राइवर सीट,26.03सेमी अल्ट्रो व्यूप ट्विन स्क्रीन सिस्टाम,ट्रेल सेंस ऑटो हेडलैंप्स, एक्वा? सेंस वाइपर्स और मल्टी ड्राइव मोड्स (सिटी, स्पोर्ट, इको) शामिल हैं। ये वैरिएंट आज से उपलब्ध हैं,जिनकी शुरुआती कीमत हैरियर एडवेंचर ङ्कपर्सोना के लिए 18.99लाख रुपए और सफारी एडवेंचर X+पर्सोना के लिए 19.99 लाख रुपए है।

### ओएसिस फर्टिलिटी के साथ सपनों को साकार करने की अनोखी पहल

**रायपुर, 19 अगस्त।** 'आईवीएफ- आई वैल्यू फैमिली फॉर इंडिया'ज़ वाइब्रेंट फ्यूचर' कैंपेन के तहत, ओएसिस फर्टिलिटी ने अपने सभी केंद्रों में 'व्हील ऑफ होप' स्पिन एंड विन का आयोजन किया, जिसने न केवल दंपतियों में उम्मीद जगाई बल्कि संतान प्राप्त करने के उनके सपनों के एक कदम और करीब ला दिया। इस पहल में 600 से अधिक दंपतियों ने भाग लिया और इससे लाभ उठाया। सभी केंद्रों पर सरप्राइज से भरा स्पिन व्हील लगाया गया, जहां आने वाले दंपतियों को 'व्हील ऑफहोप' स्पिन एंड विन कैंपेन में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कैंपेन ने ओएसिस केंद्रों पर कई दंपतियों के दिलों में उम्मीद और विश्वास को फिर से जगाया। महीने भर के दौरान 600 दंपतियों को ?41 लाख से अधिक के डिस्काउंट प्रदान किए गए। इसके अलावा, बेंगलुरु, ओडिशा और हैदराबाद के केंद्रों से 11 दंपतियों ने मुफ्त आईवीएफसाइकिल जीता—जिससे वे ओएसिस फर्टिलिटी के माध्यम से मातृत्व-पितृत्व के अपने सपने को पूरा करने के एक कदम और करीब आ गए।

### स्कोडा ऑटो ने काइलैक, कुशाक और स्लाविया के साथ 25वीं वर्षगांठ मनाई

**रायपुर, 19 अगस्त।** भारत में अपनी 25वीं वर्षगाँठ और वैश्विक स्तर पर 130 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपने सबसे अधिक बिकने वाले मॉडल्स: कुशाक, स्लाविया और काइलैक के लिमिटेड एडिशन उतारे हैं। खास, लिमिटेड एडिशन में खास डिज़ाइन एन्हांसमेंट्स और प्रीमियम फीचर्स शामिल हैं, साथ ही स्पेशल 25वीं वर्षगाँठ का बैज भी है जो इस अहम् पड़ाव और भारतीय बाज़ार के लिए ब्रांड की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ब्रांड की 25वीं वर्षगाँठ और इन नए लिमिटेड एडिशन मॉडल्स के लॉन्च के बारे में बात करते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक आशीष गुप्ता ने कहा, हम काइलैक, कुशाक और स्लाविया के लिमिटेड एडिशन के साथ भारत में स्कोडा ऑटो के 25 शानदार वर्षों का जश्न मना रहे हैं।

# एसबीआई का होम लोन 0.25% महंगा हुआ

### अब 7.50 से 8.70% के बीच होगी ब्याज दर




**नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसी)।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने अपने होम लोन की ब्याज दरों में 25 बेसिस पॉइंट्स की बढ़ोतरी की है, जिसका असर नए होम लोन लेने वालों पर पड़ेगा। अब SBI की होम लोन की ब्याज दर 7.50त्न से 8.70% के बीच है।

हालांकि, ये बढ़ोतरी अपर लिमिट ब्याज पर की गई है। SBI की होम लोन की ब्याज दर पहले 7.50% से 8.45% के बीच थी। इसका मतलब है कि अगर आपका क्रेडिट स्कोर थोड़ा कम है, तो आपको ज्यादा ब्याज देना पड़ सकता है, जिससे आपकी EMI बढ़ जाएगी।

**SBI ने क्यों बढ़ाई ब्याज दरें? :** SBI ने होम लोन की ऊपरी ब्याज दर को 8.45% से बढ़ाकर 8.70% कर दिया है। हालांकि, निचली सीमा यानी 7.50% को बदला नहीं गया है। इसका मतलब है कि जिन लोगों का क्रेडिट स्कोर अच्छा है, उन्हें पहले की तरह ही कम ब्याज दर मिल सकती है। लेकिन अगर आपका क्रेडिट स्कोर कम है, तो आपको ज्यादा ब्याज देना होगा, जिससे आपकी मासिक EMI और कुल ब्याज का बोझ बढ़ेगा।

उदाहरण के लिए, अगर आप 50 लाख रुपए का होम लोन 20 साल के लिए 8.70% ब्याज दर पर लेते हैं, तो आपकी मासिक EMI करीब 44,026 रुपए होगी। 20 साल में आप कुल 55.66 लाख रुपए ब्याज के रूप में चुकाएंगे। अगर ब्याज दर 8.45% होती, तो EMI 43,233 रुपए होती। वहीं 53.75 लाख रुपए ब्याज चुकाना पड़ता।

मुनाफे को बचाने के लिए बैंक ने ये कदम उठाया : SBI का यह फैसला तब आया है, जब रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) ने अपनी रेपो रेट को 5.55त्न पर स्थिर रखा है। आमतौर पर रेपो रेट कम होने पर ब्याज दरें घटती हैं, लेकिन SBI ने उल्टा कदम उठाया। जानकारों का कहना है कि बैंक अपने मुनाफे को बचाने के लिए ऐसा कर रहे हैं, क्योंकि होम लोन की मांग बढ़ रही है, लेकिन कम ब्याज दरों की वजह से बैंकों का मार्जिन कम हो रहा है।

#### होम लोन लेते समय इन 3 बातों का रखें ध्यान

**प्री-पेमेंट पेनल्टी की जानकारी जरूर लें:** कई बैंक समय से पहले लोन अदा करने पर पेनल्टी लगाते हैं। ऐसे में बैंकों से इस बारे में पूरी डिटेल ले लें, क्योंकि समय से पहले लोन अदा करने पर बैंकों को उम्मीद के मुताबिक कम ब्याज मिलता है। ऐसे में उनकी ओर से कुछ टर्म एडं कंडीशन लगाए जाते हैं। इसलिए होम लोन लेते वक्त इस बारे में पूरी जानकारी हासिल कर लें।

**अपने क्रेडिट स्कोर का ध्यान रखें:** क्रडिट स्कोर से व्यक्ति की क्रेडिट हिस्ट्री का पता चलता है। पर्सनल लोन के मामले में बैंक आवेदक का क्रेडिट स्कोर जरूर देखते हैं। क्रेडिट स्कोर कई खास क्रेडिट प्रोफाइलिंग कंपनियों की तरफसे तय किया जाता है। इसमें यह देखा जाता है कि आपने पहले लोन लिया है या क्रेडिट कार्ड आदि का इस्?तेमाल किस प्रकार किया है। किसी भी व्यक्ति का क्रेडिट स्कोर रीपेमेंट हिस्ट्री, क्रेडिट इस्तेमाल का अनुपात, मौजूदा लोन और बिलों के समय पर पेमेंट से पता चलता है।यह स्कोर 300-900 की रेंज में होता है, लेकिन 700 या उससे ज्यादा के स्कोर को कर्जदाता अच्छा मानते हैं।

**ऑफर्स का रखें ध्यान:** बैंक समय- समय पर लोन लेने वालों को बेहतर ऑफर्स उपलब्ध कराते रहते हैं। ऐसे में आप लोन लेने से पहले सभी बैंकों के ऑफर्स के बारे में पता कर लें। क्योंकि जल्दबाजी में लोन लेना आपके लिए गलत साबित हो सकता है। लोन लेने से पहले सही से छानबीन कर लें।

## सोना 477 गिरकर 99,146 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आया

**नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसी)।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 19 अगस्त को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 477 रुपए गिरकर 99,146 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,623 रुपए पर था। वहीं 8 अगस्त को सोने ने 1,01,406 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं चांदी की कीमत आज 885 रुपए कम होकर 1,13,165 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,14,050 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**सोना इस साल अब तक 22,984 महंगा हुआ:** इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,984 रुपए बढ़कर 99,146 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 27,148 रुपए बढ़कर 1,13,165 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

**सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें:** हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी HUID कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है- AZ4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।



#### भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत

**दिल्ली:** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,009,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत ?92,500
**मुंबई:** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350
**कोलकाता:** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350
**चेन्नई:** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350
**भोपाल:** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,800 और 22 कैरेट सोने की कीमत ?92,400

## वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स की बढ़ी मांग

**नई दिल्ली, 19 अगस्त।** भारत में औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स (आईएंडएल) रियल स्टेट क्षेत्र ने 2025 की पहली छमाही के दौरान बेहतर प्रदर्शन किया है। इसमें विनिर्माण स्थान स्पेस लिजिंग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। वैश्विक रियल एस्टेट सेवा कंपनी जेएलएल ने यह जानकारी दी है।

**विनिर्माण स्पेस लिजिंग में हुई 38 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि:** कंपनी ने कहा कि विनिर्माण स्पेस लिजिंग में 2025 की पहली छमाही में 9 मिलियन वर्ग फीट की वृद्धि दर्ज की गई। पिछले वर्ष दर्ज हुई 6.5 मिलियन वर्ग फीट की तुलना में इस साल 38 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज हुई है।

**ग्रेड-ए वेयरहाउसिंग ने मारी बाजी :** भारत में वेयरहाउसिंग सेक्टर लगातार तेजी से बढ़ रहा है। देश के आठ बड़े शहरों में मौजूद 463 मिलियन वर्ग फुट वेयरहाउसिंग स्पेस में अब 55% हिस्सा ग्रेड-ए यानी बेहतर और आधुनिक सुविधाओं वाले गोदामों का है।

साल 2025 की पहली छमाही में 25 मिलियन वर्ग फुट वेयरहाउसिंग स्पेस की मांग रही। साल के अंत तक यह 55 से 57 मिलियन वर्ग फुट तक पहुंचने का अनुमान है। यह 2024 के मुकाबले करीब 12 से 15त्न ज्यादा होगा। कंपनियां अब ज्यादा महत्व ग्रेड-ए वेयरहाउसिंग को दे रही हैं। कुल मांग में 81% हिस्सा इन्हीं आधुनिक और बेहतर सुविधाओं वाले स्पेस का है। यह इस सेक्टर में गुणवत्ता की ओर तेजी से बढ़ते रुझान को दिखाता है।

**भरात के पांच प्रमुख शहरों में सबसे ज्यादा मांग:** जेएलएल के भारत प्रमुख योगेश शेवड़े ने कहा कि भूगोल का भी अपना महत्व है। बंगलूरू, पुणे, एनसीआर दिल्ली, चेन्नई और मुंबई सामूहिक रूप से भारत की शुद्ध मांग में 90 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते है।

## आरबीआई ने 36000 करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियों के लिए री-इश्यू जारी करने का किया ऐलान, 22 अगस्त को नीलामी




**नई दिल्ली, 19 अगस्त।** सरकार ने 22 अगस्त, 2025 को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से आयोजित नीलामी के जरिए 36,000 करोड़ रुपये की कुल अधिसूचित राशि के साथ दो सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) को फिर से जारी करने का एलान किया है। आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार पुनर्निर्गम (री-इश्यू) में 5.91 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति (जीएस) 2028 के 6,000 करोड़ रुपये और 6.33 प्रतिशत जीएस 2035 के 30,000 करोड़ रुपये शामिल होंगे। इसके अलावा, सरकार के पास दोनों प्रतिभूतियों में से प्रत्येक के खिलाफ 2,000 करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त सदस्यता बनाए रखने का विकल्प होगा। नीलामी आरबीआई के मुंबई कार्यालय में होगी। आरबीआई कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (ई-कुबेर) प्रणाली के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से बोलियां प्रस्तुत की जाएंगी। गैर-प्रतिस्पर्धी बोलियां सुबह 10:30 से 11:00 बजे के बीच स्वीकार की जाएंगी, जबकि प्रतिस्पर्धी बोलियां उसी दिन सुबह 10:30 से 11:30 बजे तक स्वीकार की जाएंगी। प्रतिस्पर्धी बोलियां मुख्य रूप से बड़े संस्थानों द्वारा रखी जाती हैं, जहां वे उस उपज या मूल्य को उद्धृत करते हैं जिस पर वे खरीदना चाहते हैं, और आवंटन नीलामी में तय कट-ऑफपर निर्भर करता है।


## कार्यालय कलेक्टर, जिला-बीजापुर, छत्तीसगढ़

**(जिला निर्माण समिति)**

**ई-प्रोक्योरमेंट प्रथम निविदा सूचना (निविदा आमंत्रण सूचना)**

**निविदा क्र./34** — **बीजापुर, दिनांक 14/08/2025**

कलेक्टर जिला बीजापुर की ओर से मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण (051) योजनांतर्गत स्वीकृत निम्नांकित कार्य को जिला निर्माण समिति के माध्यम से छ.ग.रा.वि.वि.कं. मर्या. रायपुर छत्तीसगढ़ में वर्ष 2024-25 से प्रचलित एस.ओ.आर. (विद्युत कार्य के लिए) दर प्रतिशत दर के आधार पर छत्तीसगढ़ अनुज्ञापन मण्डल (विद्युत) में ए-श्रेणी में लाईसेंस एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित रायपुर से पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | निविदा क्रमांक/ दिनांक | सिस्टम क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमा. लागत राशि (रू. लाख में) | निविदा कॉल | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 34/ 13.08.2025 | 173728 | Electrification of Village-Korsaguda Block-Usoor Const-Bijapur Under Awapalli D/c. In (O&M) Dn. Bijapur Distt-Bijapur | 87.21524 | 1st Call | 65411/- |

उपरोक्त निविदा कार्य की निविदा की अंतिम तिथि (Bid due date) 8.09.2025 तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएं डाउनलोड करने की तिथि (Bid Start Date) 19.08.2025 से है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्ट htt[s://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कलेक्टर**
**जिला बीजापुर**

जी- 252602852/5






















स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे,* प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26